### छिंदवाड़ा के ग्राम पिपरिया फतेहपुर में पंचायत पर गंभीर आरोप, ग्रामीणों ने दी आंदोलन की चेतावनी

# “पानी के नाम पर खेला करोड़ों का खेल!

## फर्जी कुएं, दूषित पानी और पंचायत में खुला भ्रष्टाचार का ‘तालाब’

हरिभूमि न्यूज ▶▶ चौरई (भुजेन्द्र शर्मा)

छिंदवाड़ा जिले की चौरई तहसील के अंतर्गत आने वाली ग्राम पंचायत रामगढ़ के ग्राम पिपरिया फतेहपुर में पेयजल व्यवस्था के नाम पर बड़े पैमाने पर भ्रष्टाचार का सनसनीखेज मामला सामने आया है। ग्रामीणों द्वारा दिए गए लिखित आवेदन ने पंचायत की कार्यप्रणाली पर गंभीर सवाल खड़े कर दिए हैं। आरोप है कि लाखों रुपए की लागत से बनाए गए कुएं न सिर्फ गलत स्थान पर बनाए गए, बल्कि उनमें भरा पानी भी दूषित है, जिससे ग्रामीणों की सेहत पर खतरा मंडरा रहा है।

ग्रामीणों का कहना है कि पंचायत द्वारा पेयजल संकट दूर करने के नाम पर लगभग 10 से 15 लाख रुपए की लागत से कुओं का निर्माण कराया गया। लेकिन यह निर्माण कार्य नियमों और तकनीकी मानकों को ताक पर रखकर किया गया। आरोप है कि पंचायत के सरपंच पति ने इन कुओं का निर्माण तालाब के अंदर ही करवा दिया, जो कि पूरी तरह से गलत और अवैधानिक है। दरअसल, जिस तालाब में ये कुएं बनाए गए हैं, उसी तालाब से पहले ही सड़क निर्माण के लिए मुरम निकाली जा चुकी थी और उसे गहरा कर दिया गया था। ऐसे में उसी गहराई का फायदा उठाकर कुओं का निर्माण कर दिया गया।

ग्रामीणों का कहना है कि यह पूरी प्रक्रिया केवल कागजों में सही दिखाने और पैसे के बंदरबांट के लिए की गई। मामले को और गंभीर तब बना देता है जब इसमें इंजीनियर की भूमिका पर भी सवाल उठने लगे हैं। आवेदन के अनुसार, पीएचई विभाग के इंजीनियर ने खुद इस निर्माण को गलत बताया और साफ कहा कि इस कुएं का पानी पीने योग्य नहीं है।






### इंजीनियर ने दी थी चेतावनी

इस प्रकरण में यह बात उल्लेखनीय है कि इंजीनियर ने चेतावनी दी कि इस पानी के सेवन से गंभीर बीमारियां फैल सकती हैं। इसके बावजूद, पंचायत द्वारा इस कुएं को पेयजल स्रोत के रूप में दिखाकर सरकारी राशि का उपयोग किया गया। सवाल यह उठता है कि जब तकनीकी अधिकारी ही इसे असुरक्षित बता रहे थे, तो फिर निर्माण कार्य को अनुमति कैसे दी गई? क्या यह सब मिलीभगत का परिणाम है? ग्रामीणों का आक्रोश अब खुलकर सामने आ रहा है। उनका कहना है कि एक तरफ वे स्वच्छ पानी के लिए तरस रहे हैं, वहीं दूसरी तरफ उनके नाम पर फर्जी योजनाओं के जरिए भ्रष्टाचार किया जा रहा है। गांव में पाइपलाइन डालने की बात भी सामने आई है, लेकिन उससे भी कोई लाभ नहीं मिल रहा।

### सरपंच पति पर है गंभीर आरोप

ग्रामीणों ने आरोप लगाया है कि पंचायत के जिम्मेदार अधिकारी और सरपंच पति ने मिलकर गलत स्थान पर निर्माण कराकर भारी भ्रष्टाचार किया है। यह सिर्फ पैसे की बर्बादी नहीं, बल्कि लोगों के स्वास्थ्य के साथ खिलवाड़ है। आवेदन में साफ तौर पर मांग की गई है कि इस पूरे मामले की निष्पक्ष जांच कराई जाए और दोषी अधिकारियों एवं जनप्रतिनिधियों पर सख्त कार्रवाई की जाए। साथ ही, जो राशि इस फर्जी निर्माण में खर्च की गई है, उसकी वसूली कर सही स्थान पर नया कुआं बनाया जाए, ताकि ग्रामीणों को वास्तव में पेयजल की सुविधा मिल सके। ग्रामीणों ने यह भी चेतावनी दी है कि यदि जल्द ही इस मामले में कार्रवाई नहीं की गई, तो वे मजबूर होकर आंदोलन और धरना प्रदर्शन का रास्ता अपनाएंगे। इससे प्रशासन की कार्यप्रणाली पर भी सवाल खड़े हो रहे हैं कि आखिर क्यों इतने गंभीर मामलों में समय रहते कार्रवाई नहीं होती।

### सिस्टम की खुली पोल, एक गांव का नहीं कई गांवों की है कहानी

यह मामला केवल एक गांव का नहीं, बल्कि पूरे सिस्टम की पोल खोलता है। सरकार जहां एक ओर हर घर जल योजना के तहत गांव-गांव तक स्वच्छ पानी पहुंचाने का दावा कर रही है, वहीं जमीनी हकीकत कुछ और ही बयां कर रही है। पंचायत स्तर पर हो रहे इस प्रकार के भ्रष्टाचार से यह साफ है कि निगरानी तंत्र पूरी तरह से फेल हो चुका है। अगर समय रहते ऐसे मामलों पर सख्त कार्रवाई नहीं की गई, तो सरकार की योजनाएं सिर्फ कागजों तक ही सीमित रह जाएंगी। अब देखना यह होगा कि जिला प्रशासन इस गंभीर मामले को कितनी गंभीरता से लेता है और क्या वास्तव में दोषियों पर कार्रवाई होती है

### कार्रवाई नहीं तो होगा आंदोलन

पिपरिया फतेहपुर के ग्रामीणों ने प्रशासन को चेतावनी दी है कि यदि पेयजल घोटाले की निष्पक्ष जांच नहीं की गई और दोषियों पर कार्रवाई नहीं हुई, तो वे उग्र आंदोलन करने को मजबूर होंगे। ग्रामीणों का कहना है कि लाखों रुपए खर्च कर बनाए गए कुएं न केवल गलत स्थान पर हैं, बल्कि उनमें भरा पानी दूषित है और स्वास्थ्य के लिए खतरनाक है। वे अब चुप नहीं बैठेंगे और अपने हक के लिए धरना-प्रदर्शन करेंगे। गांववासियों ने प्रशासन से तत्काल कदम उठाने और फर्जी निर्माण में खर्च हुई राशि की वसूली कर सही स्थान पर नया कुआं बनाने की मांग की है।

### सत्ताधारी दल और विपक्ष दोनों पक्षों के जनप्रतिनिधियों ने क्यों रखा मौन

ग्रामीणों के मन में यह विचार निरंतर आ रहा है कि सत्ताधारी पक्ष और विपक्ष ने मौन क्यों रखा है। वे इस मामले में कुछ प्रतिक्रिया क्यों नहीं दी। क्या आरोपियों को इनका संरक्षण प्राप्त है। अगर है तो संरक्षण देने वाले नेता चुनाव के समय किस मुंह से इस गांव में वोट मांगेंगे। क्योंकि कंठ सूखने पर जो दो बूंद पानी की देकर प्यास न बुझा सके उन्हें तो वोट मांगने का भी हक नहीं। जिम्मेदारी तो दोनों प्रमुख दलों के जनप्रतिनिधियों की बनती है। जनप्रतिनिधि इतनी बेशर्मी भी न लादे की जनता रोड पर आकर आपके खिलाफ प्रतिक्रिया करने को मजबूर हो जाए।

## पंप खराबी से जलापूर्ति प्रभावित, कई क्षेत्रों में आधी क्षमता से सप्लाई

**छिंदवाड़ा।** नगर निगम के 11 एमएलडी जल शोधन संयंत्र (WTP) के इन्टेक वेल में लगे एक पंप में तकनीकी खराबी आने के कारण संयंत्र वर्तमान में आधी क्षमता से संचालित हो रहा है। इसके चलते शहर के कई क्षेत्रों में 29 मार्च 2026 को जलापूर्ति प्रभावित रहेगी। प्राप्त जानकारी के अनुसार प्रभावित क्षेत्रों में चन्दनगांव पंप हाउस कॉलोनी, डी.डी.सी. पानी टंकी क्षेत्र, गुलाबरा क्षेत्र, सब्जी मंडी पानी टंकी से जुड़े क्षेत्र, साउथ सिविल लाइन चौक से पंचशील कॉलोनी, गीता नगर तथा शनिचरा बाजार टंकी से जुड़े क्षेत्र शामिल हैं। इसके अलावा लालबाग, चूनाभट्टा, डी नेमा वाली गली, गांधीगंज, नई आबादी, रेलवे स्टेशन के सामने का क्षेत्र, गुलजार नगर, सिवनी रोड, नूरी टेंट वाली गली, सुकलू ढाना, सर्रा, इमलीखेड़ा चौक, इमलीखेड़ा बस्ती एवं थूनियाभांड क्षेत्रों में भी जल आपूर्ति बाधित रहने की संभावना है।

## महाकाली मंदिर में हुआ चैत्र नवरात्र का समापन, घट विर्सजन संपन्न

**छिंदवाड़ा:-** जय-जय माता महाकाली मंदिर समिति, पाटनी चौक छिंदवाड़ा द्वारा वर्षों पुरानी परंपरा को निभाते हुए इस वर्ष भी चैत्र ज्योति महोत्सव इस 58 वें वर्ष बड़े ही हर्षोल्लास और श्रद्धा के साथ मनाया गया । महोत्सव का शुभारंभ चैत्र नवरात्रि के प्रथम दिवस 19 मार्च को मंदिर प्रांगण में विधि-विधान से घट स्थापना के साथ हुयी, जिसका समापन 28 मार्च को घट विसर्जन एवं भव्य शोभायात्रा के साथ संपन्न हुआ। घट विसर्जन शोभायात्रा शाम 5 बजे मंदिर प्रांगण से प्रारंभ हुई जिसमें अखाड़ा, जस मण्डल, रमढोल, झांकी, त्रिशूल नृत्य, शैला नृत्य अहीरी नृत्य आदि से सुशोभित होकर असवर नल ताल छोटा तालाब पहुँचकर घट विर्सजन संपन्न हुआ । कार्यक्रम में मंदिर समिति के वरिष्ठ सदस्य कमल सिंह राजपूत, गणेश प्रसाद मालवीय, पंकज सिंह राजपूत, विनय मालवी, संजय चौरे, राकेश सरेठा, मोहित चौरसिया, हितेश चौरसिया, हितेश कश्यप, अनन्त राय, गिरजेस मालवी, जतिन, अरोरा अनिल धुर्वे, कैलास ठाकुर, चंदनसिंह राजपूत, कश्यप जी, राय मामा मंदिर के पुजारी पहाड़े जी सहित बड़ी संख्या में श्रद्धालु उपस्थित रहे।



## माइन क्लोजर एडवाइजरी कमेटी की बैठक संपन्न

**छिन्दवाड़ा।** कलेक्टर हरेंद्र नारायन की अध्यक्षता में विगत दिवस माइन क्लोजर एडवाइजरी कमेटी की बैठक कलेक्टर कार्यालय के सभाकक्ष में आयोजित की गई। बैठक में वेस्टर्न कोलफील्ड लिमिटेड पेंच/कन्हान क्षेत्र के अंतर्गत कोयला खदानों से प्रभावित स्थानीय जन समुदाय के जीवनयापन में सुधार एवं रोजगार के अवसर उपलब्ध कराने के उद्देश्य से विभिन्न प्रस्तावों पर चर्चा की गई। बैठक में झरना यूजी क्षेत्र में वृक्षारोपण एवं दुग्ध उत्पादन समिति गठित करने, दमुआ ओसी क्षेत्र एवं दातला ओसी क्षेत्र में मत्स्य केंद्र स्थापित करने, बड़कुही ओसी क्षेत्र में बैकफिलिंग कर वृक्षारोपण करने तथा अंबाड़ा यूजी क्षेत्र में मधुमक्खी पालन शुरू करने के प्रस्तावों पर विचार किया गया। कलेक्टर श्री नारायन ने सभी प्रस्तावों के क्रियान्वयन को निर्धारित समयसीमा में पूरा करने के लिए वेस्टर्न कोलफील्ड लिमिटेड के संबंधित माइन मैनेजरों को निर्देश दिए। साथ ही झरना यूजी क्षेत्र में माइन मैनेजर एवं स्थानीय जनप्रतिनिधियों (संबंधित ग्राम पंचायत) के समन्वय से दुग्ध उत्पादन समिति गठित करने के लिये स्थानीय हितग्राहियों का चयन कर समिति बनाने के निर्देश भी दिए गए।

## हनुमान लोक में आज से गूँजेगी जगद्गुरु रामभद्राचार्य की ओजस्वी वाणी

हरिभूमि न्यूज ▶▶ सौंसर

विश्व प्रसिद्ध चमत्कारिक श्री हनुमान मंदिर संस्थान, जामसांवली (हनुमान लोक) में रविवार 29 मार्च से भक्ति और अध्यात्म का भव्य आयोजन प्रारंभ हो रहा है। पद्म विभूषण से सम्मानित प्रख्यात रामकथा मर्मज्ञ जगद्गुरु रामभद्राचार्य के आगमन को लेकर क्षेत्र में उत्साह का माहौल है।संस्थान अध्यक्ष गोपाल शर्मा ने बताया कि महाराज श्री चित्रकूट से विशेष विमान द्वारा नागपुर पहुंचेंगे, जहां से हेलीकॉप्टर द्वारा सुबह 11 बजे जामसांवली आएंगे। उनके स्वागत के लिए दिंडी, कलश यात्रा और वैदिक मंत्रोच्चार के साथ भव्य तैयारी की गई है। भक्त निवास में पाद पूजन एवं सम्मान समारोह आयोजित होगा।दोपहर 3 से शाम 6 बजे तक महाराज श्री भगवान श्रीराम के आदर्शों पर अपने प्रवचन देंगे। आयोजन स्थल को आधुनिक सुरक्षा व्यवस्थाओं से सुसज्जित किया गया है, साथ ही श्रद्धालुओं के लिए पार्किंग, पेयजल और बैठने की व्यापक व्यवस्था की गई है।2 अप्रैल तक चलने वाले इस धार्मिक आयोजन को लेकर ट्रस्ट कमेटी ने अधिक से अधिक संख्या में श्रद्धालुओं से उपस्थित होकर पुण्य लाभ लेने की अपील की है।

### संघर्ष से सिद्धि तक का ऐतिहासिक सफर



14 जनवरी 1950 को जन्मे जगद्गुरु रामभद्राचार्य जी ने बाल्यकाल में ही अपनी दृष्टि खो दी थी, किंतु अपनी अद्भुत स्मरण शक्ति और साधना के बल पर उन्होंने 22 भाषाओं का ज्ञान और 200 से अधिक ग्रंथों की रचना की। अयोध्या श्रीराम जन्मभूमि विवाद में महाराज श्री की शास्त्रसम्मत और प्रामाणिक गवाही ने उच्चतम न्यायालय के निर्णय में मील का पत्थर साबित होने का कार्य किया। उनके इसी अद्वितीय योगदान हेतु भारत सरकार ने उन्हें 2015 में 'पद्म विभूषण' से अलंकृत किया। चित्रकूट स्थित 'तुलसी पीठ' और दिव्यांगों के लिए समर्पित विश्वविद्यालय के माध्यम से वे मानवता की सेवा कर रहे हैं।उनके अद्वितीय योगदान के लिए भारत सरकार ने वर्ष 2015 में उन्हें पद्म विभूषण से सम्मानित किया। जामसांवली में आयोजित यह आयोजन न केवल एक धार्मिक अनुष्ठान है, बल्कि यह क्षेत्र के आध्यात्मिक जागरण का एक विराट महोत्सव सिद्ध होगा। 2 अप्रैल तक चलने वाले इस विशाल और भव्य दिव्य आयोजन को लेकर चमत्कारी हनुमान मंदिर ट्रस्ट कमेटी की ओर से यहां आने वाले हजारों श्रद्धालुओं भक्तों एवं दर्शकों के लिए बैठक पार्किंग पेयजल आदि की ऐतिहासिक तैयारी और व्यवस्था की गई है।

## ट्रक ने बाइकर्स को ठोका, दो ने मौके पर तोड़ा दम



हरिभूमि न्यूज ▶▶ पांढुर्णा

आज 28 मार्च की शाम लगभग 4 बजे तिगांव बायपास पर चांगोबा निवासी मोटरसाइकिल सवारों को तेज गति से चल रहे ट्रक ने ठोक दिया। इस दुर्घटना में राहुल डोबारे और गोलू बिहारे ने मौके पर दम तोड दिया, तीसरा युवक कमलेश उईके घायल हो गया।

प्राप्त जानकारी के अनुसार तिगांव बायपास वाले हाइवे पर इन दिनों मरम्मत का कार्य जारी है। इसलिए हाइवे को अस्थायी रूप से वन वे बना दिया गया है। हाइवे को अस्थायी वन वे बना दिए जाने के कारण वाहनों को आवाजाही में दिक्कतों का सामना करना पड रहा था। दूसरी तरफ समाचार लिखे जाने तक ट्रक चालक ट्रक समेत फरार बताया जा रहा है।

## गोलगंज क्षेत्र में अतिक्रमण पर चला निगम का बुलडोजर

### महावीर जयंती से पहले नगर निगम ने की कार्यवाही

हरिभूमि न्यूज ▶▶ छिन्दवाड़ा



आगामी महावीर जयंती के आयोजन को ध्यान में रखते हुए नगर निगम के अतिक्रमण निरोधक दस्ते ने आज गोलगंज क्षेत्र में व्यापक कार्रवाई करते हुए अवैध अतिक्रमण हटाए। इस दौरान सड़क किनारे और सार्वजनिक स्थानों पर लंबे समय से कब्जा जमाए गुमठियों एवं अस्थायी दुकानों को हटाया गया।

नगर निगम द्वारा की गई इस कार्रवाई का उद्देश्य त्योहार के दौरान संभावित भीड़ को देखते हुए यातायात व्यवस्था को सुचारु बनाना और सुरक्षा सुनिश्चित करना है। हर वर्ष महावीर जयंती के अवसर पर गोलगंज क्षेत्र में बड़ी संख्या में श्रद्धालु और नागरिक जुटते हैं, जिससे सड़कों पर दबाव बढ़ जाता है और जाम की स्थिति निर्मित होती है।

इसी को ध्यान में रखते हुए निगम प्रशासन ने पहले ही अतिक्रमण हटाने की योजना बनाई थी। शनिवार को की गई कार्रवाई के दौरान अधिकारियों की मौजूदगी में टीम ने सड़कों के दोनों ओर फैले अतिक्रमण को हटाते हुए मार्ग को खाली कराया।

इस दौरान कई गुमठियों को हटाया गया, जो यातायात में बाधा उत्पन्न कर रही थीं।निगम अधिकारियों ने बताया कि यह कार्रवाई केवल अस्थायी रूप से नहीं, बल्कि व्यवस्थित यातायात और नागरिक सुविधा को ध्यान में रखते हुए की गई है। साथ ही संबंधित लोगों को पहले ही सूचना देकर अतिक्रमण हटाने के निर्देश दिए गए थे, ताकि किसी प्रकार की असुविधा न हो।कार्रवाई के दौरान क्षेत्र में हल्की हलचल जरूर देखी गई, लेकिन प्रशासन की सख्ती के चलते अभियान शांतिपूर्ण तरीके से संपन्न हुआ।

नगर निगम ने स्पष्ट किया है कि शहर के अन्य प्रमुख मार्गों और भीड़भाड़ वाले क्षेत्रों में भी इसी तरह की कार्रवाई आगे भी जारी रहेगी।प्रशासन ने नागरिकों से अपील की है कि वे सार्वजनिक स्थानों पर अतिक्रमण न करें।

## चार पंचायतों की बिजली कटी, छाया अंधेरा

### नगरपालिका पर 23 लाख एवं पंचायतों पर 4 करोड़ शेष



हरिभूमि न्यूज ▶▶ पांढुर्णा

शुक्रवार को बिजली विभाग ने बकाया वसूली को लेकर सख्त कार्रवाई करते हुए हिवरा, कलमगांव, बडचिचोली और बोथिया पंचायत क्षेत्रों में बड़े पैमाने पर बिजली कनेक्शन काट दिए। अचानक हुई इस कार्रवाई से ग्रामीणों को भारी परेशानी का सामना करना पड़ा और उन्हें पूरी रात अंधेरे में बितानी पड़ी।प्राप्त जानकारी के अनुसार, बिजली विभाग ने यह कदम लंबे समय से बकाया बिलों की वसूली के लिए उठाया है।

विभाग के अधिकारियों का कहना है कि नगरपालिका परिषद, ग्राम पंचायतों और अन्य उपभोक्ताओं पर कुल मिलाकर 7 करोड़ 24 लाख रुपए से अधिक की राशि बकाया है। कई बार नोटिस और सूचना देने के बावजूद भुगतान नहीं किए जाने के कारण विभाग को यह सख्त कदम उठाना पड़ा।बताया जा रहा है कि नगरपालिका परिषद पर लगभग 23 लाख रुपए का बकाया है, जबकि ग्राम पंचायतों पर 4 करोड़ 72 लाख 66 हजार रुपए से अधिक की राशि लंबित है।

इसके अलावा अन्य उपभोक्ताओं पर भी बड़ी रकम बकाया है, जिससे विभाग पर वित्तीय दबाव लगातार बढ़ता जा रहा है।बिजली विभाग के अनुसार, बकाया वसूली अभियान अभी जारी रहेगा और आने वाले दिनों में और भी कनेक्शन काटे जा सकते हैं। विशेष रूप से ग्राम पंचायत क्षेत्रों में रहने वाले करीब 525 उपभोक्ताओं के कनेक्शन काटने की योजना बनाई गई है। विभाग ने स्पष्ट किया है कि जब तक बकाया राशि जमा नहीं की जाएगी, तब तक बिजली आपूर्ति बहाल नहीं की जाएगी।इस कार्रवाई से प्रभावित गांवों के ग्रामीणों में नाराजगी देखी जा रही है। उनका कहना है कि अचानक बिजली काटे जाने से उन्हें भारी दिक्कतों का सामना करना पड़ा, खासकर रात के समय बच्चों, बुजुर्गों और महिलाओं को परेशानी हुई।

कई घरों में पानी की व्यवस्था भी प्रभावित हुई, क्योंकि मोटर और पंप बिजली पर निर्भर हैं।वहीं, विभाग का कहना है कि यह कार्रवाई मजबूरी में की जा रही है और उपभोक्ताओं को पहले ही कई बार चेतावनी दी जा चुकी थी। अब विभाग ने साफ कर दिया है कि बकाया राशि जमा कराने पर ही बिजली कनेक्शन दोबारा जोड़े जाएंगे।स्थिति को देखते हुए संभावना जताई जा रही है कि यदि जल्द समाधान नहीं निकला, तो ग्रामीणों और प्रशासन के बीच टकराव की स्थिति बन सकती है।

### देवगढ़ में अपनेपन के मुरीद हुए फ्रांस से आए मेहमान

## समां की खीर खाकर बोले- वेरी टेस्टी, गिफ्ट दी गुल्लक

हरिभूमि न्यूज ▶▶ छिंदवाड़ा



ग्रामीण पर्यटन को बढ़ावा देने मध्यप्रदेश टूरिज्म बोर्ड के सहयोग से देवगढ़ में बने होम स्टे में फ्रांस ने आए मेहमानों का भावभीना स्वागत किया गया। तीन दिन तक रूके फ्रांसीसी मेहमानों ने होमस्टे में रूककर जाना ग्रामीण संस्कृति और कल्चर को जाना। सूदूर अंचल में बसे गांव कलकोट घूमा और भोजन के बाद समां की खीर खाकर कहा- वेरी टेस्टी। देवगढ़ में मिले अपनेपन के मुरीद होकर गए फ्रांस के मेहमानों ने कहा कि वे अपने देश के लोगों को यहां मिली बेमिसाल खातिरदारी के बारे में जरूर बताएंगे। म.प्र. टूरिज्म बोर्ड ने बैक टू विलेज संस्था के साथ मिलकर देवगढ़ गाँव के होम-स्टे को अद्भुत रूप से विकसित किया है। होम-स्टे करने वाले पर्यटक यहाँ दी जा रही बेहतरीन सुविधाओं की तारीफ करते नहीं थकते।

### कलकोट में देखे आदिवासियों के घर

देवगढ़ भ्रमण के दौरान फ्रांसीसी मेहमानों ने सूदूर अंचल में बसे गांव कलकोट घूमा। यहां पर मवासी आदिवासियों के घरों में बनने वाले भोजन, उनके रहन-सहन व संस्कृति को समझा। विदेशी मेहमान कलकोट के घरों में देशी परिवेश में भोजन, तीज-त्योहार और कल्चर जैसे विभिन्न गतिविधियों से रूबरू हुए। इसके आलावा देशी पोषक एवं पहनावा, आदिवासियों की श्रृंगार सामाग्री भी देखी। मक्के की रोटी और चटनी खाईविदेशी मेहमानों ने यहां पर परंपरागत भोजन ही किया।

### मक्के की रोटी, टमाटर की चटनी, समां की खीर

उन्हें बेहद पंसर आई। इन मेहमानों ने गांव में बनी गुल्लक खरीदी और होम स्टे संचालक कविता देवीसिंह धुर्वे को भेंट की। खास बात यह रही कि विदेशी मेहमानों ने होम स्टे के साथ ही ग्रामीणों के घर जाकर भी भोजन किया।

### पातालकोट भी देखा

मोहखेड़ ब्लाक के ऐतिहासिक व पर्यटन ग्राम देवगढ़ में रूके फ्रांसीसी विदेशी मेहमानों ने होमस्टे में रूककर पर्यटन स्थल का आनंद उठाया। तीन दिनों के यात्रा के दौरान उन्होंने एक दिन पातलाकोट में बिताया। रातेड़ व चिमटीपुर के व्यू पांइट से उन्होंने पातालकोट देखा और रास्ते में आदिवासी ग्रामीणों से बातचीत की।

## शोभा यात्रा के दौरान सुगम यातायात बनाये जाने की हिंदू पर्व समिति ने पुलिस की सराहना

# हजारों श्रद्धालु, व्यस्त मार्ग फिर भी नहीं लगा जाम, तामिया पुलिस की मिसाल

हरिभूमि न्यूज ▶▶ तामिया

तामिया में शुक्रवार को हिंदू पर्व समिति के तत्वावधान में रामनवमी का पर्व अत्यंत श्रद्धा, उत्साह और भव्यता के साथ मनाया गया। इस अवसर पर भगवान श्रीराम की आकर्षक शोभायात्रा निकाली गई, जिसमें तहसील भर से हजारों श्रद्धालुओं ने बढ़-चढ़कर भाग लिया।शोभायात्रा ब्लॉक कॉलोनी से प्रारंभ होकर लगभग 3 किलोमीटर की दूरी तय करते हुए फॉरेस्ट कॉलोनी स्थित माता मंदिर प्रांगण पहुंची। यात्रा के स

मापन पर महाआरती का आयोजन किया गया, जिसमें बड़ी संख्या में श्रद्धालु शामिल हुए।इस आयोजन की सबसे विशेष बात यह रही कि शोभायात्रा छिंदवाड़ा-भोपाल के अत्यंत व्यस्त मार्ग से निकाली गई। इस मार्ग पर सामान्य दिनों में भी भारी यातायात रहता है, जहां से बालाघाट, सिवनी और छिंदवाड़ा की ओर से इंदौर और भोपाल के लिए यात्री बसों सहित सैकड़ों छोटे-बड़े वाहनों की



आवाजाही बनी रहती है।ऐसी विषम परिस्थितियों में यातायात व्यवस्था को सुचारू बनाए रखना पुलिस के लिए एक बड़ी चुनौती थी।

हालांकि तामिया पुलिस ने इस चुनौती को पूरी मुस्तैदी और कुशलता के साथ संभाला। नगर निरीक्षक आशीष कुमार जैतवार के नेतृत्व में पुलिस बल ने पूरे आयोजन के दौरान उत्कृष्ट समन्वय का परिचय दिया और एक पल के लिए भी जाम की स्थिति नहीं बनने दी।शोभायात्रा के दौरान डीजे, लाइटिंग और भारी भीड़ के बावजूद यातायात व्यवस्था पूरी तरह नियंत्रण में रही। इसके साथ ही तुलतुला मंदिर में आयोजित महायज्ञ और महाआरती के चलते देर रात तक श्रद्धालुओं और वाहनों का आवागमन जारी रहा, जिससे स्थिति और चुनौतीपूर्ण हो गई थी। बावजूद इसके, पुलिस ने पूरी सतर्कता के साथ व्यवस्था बनाए रखी।

विशेष उल्लेखनीय है कि नगर निरीक्षक आशीष जैतवार वीआईपी ड्यूटी से लौटने के तुरंत बाद बिना विश्राम किए सीधे आयोजन स्थल पहुंचे और स्वयं मोर्चा संभाला। उनके साथ उपनिरीक्षक राम किरण वरमैया, आरक्षक श्यामवीर जाट, संतोष सल्लाम, प्रकाश साहू, रोहित बघेल, महिला आरक्षक राधिका बघेल, माला उइके, सुनीता कनौजिया, पायलट सुनील अहके एवं मोंटू डेहरिया सहित समस्त पुलिस स्टाफ का सराहनीय योगदान रहा।हिंदू पर्व समिति, स्थानीय नागरिकों तथा वाहन चालकों ने पुलिस की इस उत्कृष्ट व्यवस्था की खुलकर प्रशंसा की। इस वर्ष तामिया में रामनवमी का पर्व न केवल भव्यता के लिए, बल्कि सुव्यवस्थित यातायात प्रबंधन के लिए भी लंबे समय तक याद किया जाएगा।

## शहीद दिवस पर "भगत सिंह के सपनों का भारत" विषय पर सार्थक व्याख्यान किया गया आयोजित

**दमुआ।** शासकीय महाविद्यालय दमुआ में 23 मार्च को शहीद दिवस के अवसर पर भगत सिंह, सुखदेव एवं राजगुरु के बलिदान को स्मरण करते हुए व्याख्यान का आयोजन किया गया।यह कार्यक्रम प्राचार्य के मार्गदर्शन में तथा स्वामी विवेकानंद कैरियर मार्गदर्शन प्रकोष्ठ के अंतर्गत आयोजित किया गया। "भगत सिंह के सपनों का भारत" विषय पर आयोजित इस व्याख्यान में वक्ता डॉ राजेश कुमार लोखंडे ने उनके विचारों, देशभक्ति और युवाओं के प्रति संदेशों पर विस्तार से प्रकाश डाला।उन्होंने बताया कि भगत सिंह केवल एक क्रांतिकारी ही नहीं, बल्कि एक दूरदर्शी चिंतक भी थे, जिन्होंने समाज में समानता, शिक्षा और जागरूकता का सपना देखा था। व्याख्यान के दौरान विद्यार्थियों को उनके आदर्शों को अपने जीवन में अपनाने तथा राष्ट्र निर्माण में सक्रिय भूमिका निभाने के लिए प्रेरित किया गया।कार्यक्रम के अंत में उपस्थित समस्त स्टाफ एवं विद्यार्थियों ने शहीदों को श्रद्धांजलि अर्पित कर उनके बलिदान को नमन किया।

## फिल्ड विजिट द्वारा हुआ जनगणना प्रशिक्षण

**पांढुर्णा।** भारत सरकार द्वारा प्रस्तावित जनगणना 2027 के सफल संचालन के उद्देश्य से गत दिनों फिल्ड ट्रेनरों को ग्रामपंचायत कलमगांव में विजिट कराते हुए व्यावहारिक प्रशिक्षण दियागया। इस दौरान चार्ज स्तर के फिल्ड ट्रेनरों ने घर-घर जाकर मोबाइल एप के माध्यम से जनगणना संबंधी जानकारी दर्ज करने का अभ्यास किया। इस प्रशिक्षण का मुख्य उद्देश्य फिल्ड स्तर पर कार्यरत कार्मिकों को जनगणना की प्रक्रियाओं, तकनीकी पहलुओं तथा मोबाइल एप आधारित डेटा संकलन प्रणाली से पूर्णतः परिचित कराना रहा। फिल्ड विजिट के दौरान जिलास्तरीय मास्टर ट्रेनर नरेंद्र बांबल, रविंद्र गडकरी तथा जनगणना निदेशालय भोपाल के जिला प्रभारी कैलाशचंद्र साहू द्वारा प्रतिभागियों को आवश्यक सावधानियों, डेटा की शुद्धता बनाए रखने के उपायों एवं मोबाइल एप के प्रभावी संचालीन के संबंध में मार्गदर्शन प्रदान किया गया। इस अवसर पर ग्राम पंचायत कलमगांव के सचिव मुकेश राउत, शासकीय विद्याल के शिक्षक निलेश सहारे, ललिता नासरे एवं अन्य शिक्षकगण भी उपस्थित रहे तथा प्रशिक्षण कार्यक्रम को सफल बनाने में सहयोग दिया। इस प्रशिक्षण से फिल्ड ट्रेनरों में जनगणना कार्य के प्रति आत्मविश्वास एवं कार्यदक्षता में उल्लेखनीय वृद्धि हुई है।

# श्री राम जन्मोत्सव में उमड़ा जनसैलाब, जगह जगह हुए भंडारे





हरिभूमि न्यूज ▶▶ सिंगोड़ी

श्री राम मंदिर में प्रातः काल से लगी रही भक्तों की भारी भीड़ विशाल भंडारे में पहुंच समूचा सिंगोड़ी नगर एवं आसपास क्षेत्र का जनमानस स्थानीय श्री राम मंदिर सिंगोड़ी में प्रातः काल 10:00 बजे से जिले एवं प्रदेश से आए संगीत कलाकारों के द्वारा भगवान श्री रामचंद्र जी के मधुर भजनों के साथ श्री राम जन्मोत्सव मनाया गया।

श्री राम जन्म महोत्सव के उपरांत विशाल भंडारे का आयोजन सिंगोड़ी के श्री राम मंदिर परिसर में किया गया जहां हजारों की संख्या में श्रद्धालुओं ने महाप्रसाद ग्रहण किया जानकारी देते हुए श्री राम मंदिर प्रबंध समिति के अध्यक्ष मोहित साहू ने बताया कि प्रतिवर्तन अनुसार इस वर्ष भी बड़े ही भव्य तरीके से श्री राम मंदिर की में मर्यादा पुरुषोत्तम भगवान श्री रामचंद्र जी का दिव्य एवं आलौकिक जन्म महोत्सव मनाया गया सुमधुर भजनों की प्रस्तुति में लोगों ने झूम-झूम कर नृत्य किया बधाई गीत पर महिलाओं ने भी भाव विभोर होकर नृत्य किया श्री मानस सेवा सत्संग समिति के अध्यक्ष पप्पू राव सोनी जी द्वारा स्वर्गीय भास्कर राव सोनी की स्मृति में स्मृति चिन्ह देकर अपने विशेष कार्यों के लिए गणमान्य नागरिकों का जन्मोत्सव के दौरान सम्मान किया गया बाहर से आए संगीत कलाकारों का उत्साह वर्धन करने लोगों ने कोई कसर नहीं छोड़ी एक से बढ़कर एक संगीत भजनों का लोगों ने आनंद लिया जन्मोत्सव के तुरंत बाद मंदिर परिसर में एक दिवसीय विशाल भंडारे का आयोजन दोपहर 12:00 बजे से लगातार 8:00 बजे रात्रि तक चलता रहा क्योंकि श्री राम मंदिर सिंगोड़ी की एक अनूठी परंपरा रही है। योगेश यादव एवं पवन राव सोनी ने जानकारी दी कीदेर रात श्री राम भगवान की पालकी यात्रा का शुभारंभ देवी दुर्गा मंदिर से प्रारंभ हुआ एवं संपूर्ण गांव का भ्रमण करते हुए बस स्टैंड सिंगोड़ी पहुंचा जहां अंजुमन कमेटी के द्वारा उनका स्वागत किया गया तत्पश्चात सुंदर आकर्षक आतिशबाजी का लोगों ने आनंद लिया जगह-जगह भंडारा प्रसाद का वितरण समितियां के द्वारा सामूहिक रूप से किया गया शोभायात्रा का समापन श्रीदेवी दुर्गा मंदिर में श्री राम के जय घोष के साथ संपन्न हुआ देर रात तक भाग प्रतियोगिता का आयोजन चलता रहा।

## कक्षा 9वी एवं 11वीं का परीक्षा परिणाम घोषित



**जुन्नारदेव।** नगर पालिका परिषद द्वारा संचालित पंडित रविशंकर शुक्ल उच्चतर माध्यमिक विद्यालय में कक्षा 9वी एवं 11वीं का परीक्षा परिणाम नगर पालिका अध्यक्ष श्रीमान रमेश सालोडे एवं अपील समिति सदस्य सभापति संजय मदन लाल जैन व पार्षद गण की गरिमामयी उपस्थिति में घोषित किया गया कक्षा 9वी में कुमारी ऋषिका सोनी पिता श्री राजू सोनी ने प्रथम स्थान प्राप्त किया वहीं कक्षा 11वीं कला में कुमारी राखी बंदेवार पिता श्री नितेश बंदेवार ने 88% अंकों के साथ कक्षा मे प्रथम स्थान प्राप्त किया 11वीं जीव विज्ञान में कुमारी तस्बिहा अंसारी पिता श्री फिरोज अंसारी ने 80% अंकों के साथ कक्षा मे प्रथम स्थान प्राप्त किया गणित संकाय में निलेश खरे पिता श्री बलिराम खरे ने 76% अंकों के साथ कक्षा मे प्रथम स्थान प्राप्त किया तथा 11वीं वाणिज्य में कुमारी निशा झरने पिता श्री सतीश झरने ने 94% अंक प्राप्त करके कक्षा मे स्थान प्राप्त किया सभी उत्तीर्ण विद्यार्थियों को अध्यक्ष नगर पालिका परिषद सभापति गण, पार्षद गण व समस्त शिक्षक शिक्षिकाओं ने बधाइयां प्रेषित की।

## नौ दिवसीय आरती में उमड़ा भक्तों का सैलाब

**जुन्नारदेव।** नगर की ऐतिहासिक सामाजिक, सांस्कृतिक एवं धार्मिक धरोहर श्री रामलीला एवं दुर्गा उत्सव समिति के तत्वावधान में गत वर्ष अनुसार इस वर्ष भी स्थानीय श्री राम मंदिर में नवरात्रि के पावन अवसर पर संगीतमय आरती का आयोजन किया गया। इस आयोजन में श्री रामलीला एवं दुर्गोत्सव समिति की कार्यसमिति एवं पात्रों की उपस्थिति के बीच नवरात्र के प्रथम दिवस से अंतिम दिवस तक प्रतिदिन मां दुर्गे की आरती से आराधना की गई, तत्पश्चात भोले बाबा, श्री राम एवं हनुमान जी की आरती भी नियमित रूप से की गई है। प्रति दिवस आरती के उपरांत उपस्थित भक्त जनों को फलाहारी प्रसाद वितरण भी किया गया। इस बड़े आयोजन में शहर के व्यापारीगणों, राजनेताओं, अधिकारीगण, जनप्रतिनिधि, पत्रकार बंधु सहित समस्त सांस्कृतिक, सामाजिक एवं धार्मिक संगठनों से जुड़े भक्तगण बड़ी संख्या में उपस्थित थे। शहर के प्रमुख धर्म स्थल श्री राम मंदिर में लगातार 9 दिन तक यह अहम धार्मिक आयोजन चलता रहा, जिसके चलते शहर में धर्ममय वातावरण जागृत हो गया था। श्री रामलीला एवं दुर्गा उत्सव समिति के तत्वाधान में आयोजित इस नव दिवसीय कार्यक्रम का समापन शुक्रवार को श्री रामनवमी के अवसर दोपहर में कन्या भोज के प्रारंभ से किया गया। कन्या भोज के उपरांत शाम में ठीक 7:30 बजे से संगीतमय आरती का आयोजन मंदिर परिसर में किया गया।



# नन्हीं बैगा बेटियों में दिखा देवी स्वरूप: चुपका टोला में भक्ति, सेवा और सादगी का अनूठा संगम



**उकवा क्षेत्र के दुर्गम पहाड़ी अंचल में बसे बैगा बाहुल्य ग्राम चुपका टोला में इस बार चैत्र नवरात्रि की अष्टमी एक खास मायने लेकर आई। जहां आमतौर पर सन्नाटा और सादगी भरा जीवन दिखाई देता है, वहीं इस दिन भक्ति, सेवा और भावनाओं का अद्भुत संगम देखने को मिला।**

उकवा की सामाजिक संस्था सर्व धर्म सेवा समिति के सदस्यों ने कठिन रास्तों को पार करते हुए इस दूरस्थ गांव तक पहुंचकर नन्हीं-नन्हीं बैगा बेटियों का विधि-विधान से पूजन किया। गांव तक पहुंचना किसी चुनौती से कम नहीं था—ऊबड़-खाबड़ कच्चे रास्ते, नाले-नदी और नेटवर्क विहीन क्षेत्र—लेकिन सेवा भाव के आगे ये बाधाएं छोटी पड़ गईं। समिति के सदस्य वाहन को नाले के पास खड़ा कर पैदल ही सामान लेकर गांव पहुंचे।

अष्टमी के पावन अवसर पर पहली बार गांव में इस तरह का आयोजन हुआ, जिससे ग्रामीणों में उत्साह और भावुकता का माहौल बन गया। नन्हीं बेटियों को साक्षात देवी का स्वरूप मानते हुए उनके चरण पखारे गए, तिलक वंदन कर श्रद्धा से पूजन किया गया। इसके बाद स्वयंसेवकों ने अपने हाथों से खीर-पूड़ी और पुलाव बनाकर बेटियों और ग्रामीणों को प्रेमपूर्वक प्रसाद स्वरूप वितरित किया। इस अवसर पर उकवा के कपड़ा व्यवसायी संदीप साड़ी सेल के संचालक श्री खंडेलकर ने सभी बेटियों और ग्रामीणों को अंगवस्त्र भेंट किए। वहीं भवानी मोबाइल के संचालक दामेंद्र परिहार ने बच्चों को स्कूली किट वितरित कर शिक्षा के प्रति प्रेरित किया।

कार्यक्रम में स्वयंसेवी बहनों ज्योति वरकड़े, दीपा मेश्राम एवं संदीप गजभिये ने भोजन तैयार करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। साथ ही सामाजिक कार्यकर्ता संतोष सोनी, जेम्स बारीक, नितिन कुमार और विमल पंचभाए ने बेटियों का स्वागत-सत्कार कर उनका आशीर्वाद प्राप्त किया।

इस सफल आयोजन के संयोजक एवं समाजसेवी संदीप गजभिये ने सभी सहयोगियों के प्रति आभार व्यक्त करते हुए कहा कि ऐसे प्रयास न केवल सेवा का माध्यम हैं, बल्कि समाज को जोड़ने और मानवीय संवेदनाओं को मजबूत करने का भी एक सशक्त जरिया हैं।

चुपका टोला में आयोजित यह कार्यक्रम यह संदेश देता है कि सच्ची भक्ति केवल मंदिरों तक सीमित नहीं, बल्कि समाज के अंतिम छोर तक पहुंचकर सेवा करने में ही उसका वास्तविक स्वरूप निहित है।

# मोहबट्टा में जल प्याऊ का शुभारंभ, जल संरक्षण का दिया संदेश

**बालाघाट।** जिले के विकासखंड बैहर अंतर्गत ग्राम मोहबट्टा में जल गंगा संवर्धन अभियान के तहत जल संरक्षण की दिशा में एक सराहनीय पहल की गई। कलेक्टर श्री मृणाल मीणा के निर्देशन में मध्यप्रदेश जन अभियान परिषद के सहयोग से नवांकुर संस्था वीर नारायण जन जागरण समिति द्वारा प्राथमिक शाला परिसर के पास जल मंदिर (प्याऊ) का शुभारंभ किया गया।

"जल शक्ति से नव भक्ति" पहल के अंतर्गत आयोजित इस कार्यक्रम में उपस्थित अतिथियों ने विधिवत पूजन-अर्चन कर जल प्याऊ का उद्घाटन किया। इस दौरान ग्रामीणों को जल संरक्षण के महत्व के बारे में जागरूक किया गया और "जल है तो कल है" का संदेश दिया गया।

कार्यक्रम के अवसर पर जनजागरूकता रैली भी निकाली गई, जिसमें ग्रामीणों, छात्र-छात्राओं और स्वयंसेवकों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। रैली के माध्यम से लोगों को जल बचाने, जल स्त्रोतों को स्वच्छ रखने और वर्षा जल संचयन के लिए प्रेरित किया गया।

कार्यक्रम में बताया गया कि जल गंगा संवर्धन अभियान 19 मार्च से 30 जून तक संचालित किया जा रहा है, जिसका शुभारंभ प्रदेश के मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव द्वारा किया गया है। अभियान के अंतर्गत जल स्त्रोतों का पूजन, साफ-सफाई, गहरीकरण, सामूहिक श्रमदान, रैली और संगोष्ठियों के माध्यम से व्यापक जनजागरूकता गतिविधियां संचालित की जा रही हैं। इस अवसर पर विकासखंड समन्वयक महेश कुमार पटले एवं श्री शिवनाथ यादव ने कहा कि आगामी समय में अभियान के विभिन्न चरणों के तहत और भी गतिविधियां आयोजित की जाएंगी, जिससे समाज में जल संरक्षण के प्रति जागरूकता को और मजबूत किया जा सके। कार्यक्रम में मेंटर श्री सुरेश यादव, आकांक्षा तेकाम, ग्राम विकास प्रस्फुटन समिति की अध्यक्ष रंजना सैयाम सहित समिति के सदस्य, एमएसडब्ल्यू के छात्र-छात्राएं एवं ग्रामीणजन उपस्थित रहे। कार्यक्रम का सफल संचालन नवांकुर संस्था प्रमुख श्री कुंदन मेरावी द्वारा किया गया। मोहबट्टा में जल प्याऊ की यह पहल न केवल राहगीरों को राहत प्रदान करेगी, बल्कि जल संरक्षण के प्रति समाज को जागरूक करने की दिशा में भी एक महत्वपूर्ण कदम साबित होगी।




# जनगणना 2027: फील्ड ट्रेनर्स के द्वितीय बैच का प्रशिक्षण शुरू

**बालाघाट।** जिले में जनगणना 2027 के अंतर्गत मकान सूचीकरण कार्य को सुचारू रूप से संचालित करने के लिए फील्ड ट्रेनर्स के द्वितीय बैच का तीन दिवसीय प्रशिक्षण 28 मार्च 2026 से ई-दक्ष केंद्र में प्रारंभ हो गया है।

इस प्रशिक्षण कार्यक्रम का उद्देश्य फील्ड ट्रेनर्स को मकान सूचीकरण एवं संबंधित प्रक्रियाओं की विस्तृत जानकारी प्रदान करना है, ताकि जनगणना कार्य को निर्धारित दिशा-निर्देशों के अनुसार प्रभावी ढंग से संपन्न किया जा सके। प्रशिक्षण के दौरान जनगणना प्रभारी एवं डिप्टी कलेक्टर श्री प्रदीप कुमार कौरव, जिला प्रभारी श्री रोहित पांडे, जिला मास्टर ट्रेनर श्री राकेश पटले एवं श्री विनोद आड़े ने उपस्थित रहकर फील्ड ट्रेनर्स को आवश्यक मार्गदर्शन दिया। उन्होंने प्रशिक्षणार्थियों को जनगणना के विभिन्न पहलुओं, डेटा संकलन की प्रक्रिया एवं सावधानियों के बारे में विस्तार से जानकारी दी।

अधिकारियों ने प्रशिक्षण के दौरान यह भी बताया कि जनगणना एक महत्वपूर्ण राष्ट्रीय कार्य है, जिसके माध्यम से देश की सामाजिक एवं आर्थिक स्थिति का सटीक आकलन किया जाता है। इसलिए सभी फील्ड ट्रेनर्स को पूरी जिम्मेदारी और गंभीरता के साथ अपने दायित्वों का निर्वहन करना होगा।

यह प्रशिक्षण आगामी तीन दिनों तक जारी रहेगा, जिसमें प्रतिभागियों को व्यवहारिक एवं तकनीकी दोनों प्रकार की जानकारी प्रदान की जाएगी, जिससे वे क्षेत्र में जाकर अपने कार्य को कुशलतापूर्वक पूरा कर सकें।

# सांदीपनि विद्यालय बालाघाट के छात्रों ने मारी बाजी



### 5वीं व 8वीं का 98 प्रतिशत से अधिक परीक्षा परिणाम

राज्य शिक्षा केंद्र भोपाल द्वारा 26 मार्च 2026 को घोषित कक्षा 5वीं एवं 8वीं के परीक्षा परिणामों में सांदीपनि विद्यालय बालाघाट ने एक बार फिर उत्कृष्ट प्रदर्शन करते हुए गौरवपूर्ण सफलता हासिल की है। विगत वर्षों की परंपरा को कायम रखते हुए इस वर्ष भी विद्यालय का परिणाम सर्वश्रेष्ठ रहा। कक्षा 5वीं में कुल 151 विद्यार्थियों में से 148 छात्र-छात्राएं परीक्षा में सम्मिलित हुए, जबकि 3 अनुपस्थित रहे। इस प्रकार कक्षा 5वीं का परीक्षा परिणाम 98.01 प्रतिशत रहा। हिंदी माध्यम में कु. नोमिता (राजेश गौतम) ने 92.50% अंक प्राप्त कर प्रथम स्थान हासिल किया, जबकि कु. निशिता बोपचे (गौरीशंकर) ने 92.25% के साथ द्वितीय स्थान प्राप्त किया। अंग्रेजी माध्यम में कु. काव्या (यमलेश वंजारी) 92% अंक के साथ तृतीय स्थान पर रहीं तथा लीवांशी पारधी (युगल किशोर) ने 91.75% अंक प्राप्त कर चतुर्थ स्थान प्राप्त किया। इसी प्रकार कक्षा 8वीं में दर्ज 191 विद्यार्थियों में से 188 ने परीक्षा दी, जबकि 3 अनुपस्थित रहे। कक्षा 8वीं का कुल परीक्षा परिणाम 98.43 प्रतिशत रहा। कु. किंजल (सुरेन्द्र बिठले) ने 94.33% अंक के साथ प्रथम स्थान प्राप्त किया। कु. सिब्बु (योगेश पटले) 93.50% अंक के साथ द्वितीय स्थान पर रहीं, जबकि कु. भावी (किशोर हनवत) ने 93.33% अंक प्राप्त कर तृतीय स्थान हासिल किया। उत्कृष्ट परिणाम के पीछे शिक्षकों की सुनियोजित रणनीति रही। प्राथमिक प्रधान पाठक श्री एम.एल. बनोटे (हिंदी माध्यम), श्रीमती अमृता मसराम (अंग्रेजी माध्यम) एवं माध्यमिक प्रधानपाठक सुश्री जेफ़रीन बाघ ने बताया कि पाठ्यक्रम का योजनाबद्ध तरीके से पुनरावृत्ति कराई गई, पिछले पांच वर्षों के प्रश्नपत्र हल कराए गए तथा टीएलएम (शिक्षण-अधिगम सामग्री) के माध्यम से जटिल विषयों को सरल बनाया गया। साथ ही नियमित कक्षाओं के साथ इकाई परीक्षण एवं उपचारात्मक कक्षाओं का भी संचालन किया गया। विद्यालय के इस उत्कृष्ट प्रदर्शन पर संस्था प्राचार्य डॉ. युवराज राहंगडाले एवं उपप्राचार्य साजिद मोहिस ने विद्यार्थियों एवं शिक्षकों को बधाई देते हुए उनके प्रयासों की सराहना की तथा भविष्य में भी इसी प्रकार उत्कृष्ट परिणाम बनाए रखने के लिए प्रोत्साहित किया।

# श्याम बिहारी वर्मा उत्कृष्ट उमावि बालाघाट में वृहद विधिक जागरूकता एवं स्वास्थ्य शिविर आयोजित

**बालाघाट।** म.प्र. राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण, जबलपुर के निर्देशानुसार श्याम बिहारी वर्मा शासकीय उत्कृष्ट उच्चतर माध्यमिक विद्यालय बालाघाट में वृहद विधिक जागरूकता एवं स्वास्थ्य शिविर का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का आयोजन प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश एवं अध्यक्ष जिला विधिक सेवा प्राधिकरण श्री प्राणेश कुमार प्राण के मुख्य आतिथ्य में संपन्न हुआ।शिविर का शुभारंभ मंचासीन अतिथियों द्वारा दीप प्रज्वलन कर किया गया। इस अवसर पर विशेष न्यायाधीश (एट्रोसिटी एक्ट) श्री रघुवीर प्रसाद पटेल, पुलिस अधीक्षक श्री आदित्य कुमार मिश्रा, प्रथम जिला न्यायाधीश श्री गौतम सिंह मरकाम, न्यायिक मजिस्ट्रेट श्रीमती तारा मार्को, श्री अविनाश छारी, श्री शुभम जैन, जिला विधिक सहायता अधिकारी श्री जीतेन्द्र मोहन धुर्वे, शाला प्राचार्य श्री शरद ज्योतिषी सहित विभिन्न विभागों के अधिकारी, पुलिस, स्वास्थ्य, महिला एवं बाल विकास विभाग के कर्मचारी, पैरालीगल वॉलंटियर्स, छात्र-छात्राएं एवं ग्रामीणजन बड़ी संख्या में उपस्थित रहे। मुख्य अतिथि श्री प्राणेश कुमार प्राण ने अपने उद्बोधन में कहा कि प्रत्येक व्यक्ति को विधिक जानकारी होना अत्यंत आवश्यक है। उन्होंने अभिभावकों से बच्चों को सही मार्गदर्शन देने एवं नशे के दुष्परिणामों से अवगत कराने की अपील की। उन्होंने कहा कि न्याय की पहुंच समाज के हर व्यक्ति तक होना चाहिए, ताकि कोई भी व्यक्ति न्याय से वंचित न रहे। साथ ही उन्होंने मोटर यान अधिनियम के तहत यातायात नियमों का पालन करने एवं हेलमेट पहनकर वाहन चलाने की सलाह दी।विशेष न्यायाधीश श्री रघुवीर प्रसाद पटेल ने अपराध पीड़ित प्रतिकर योजना 2015 की जानकारी देते हुए इसके लाभों से अवगत कराया। वहीं प्रथम जिला न्यायाधीश श्री गौतम सिंह मरकाम ने लैंगिक अपराधों से बालकों का संरक्षण अधिनियम 2012 (पॉक्सो एक्ट) के महत्वपूर्ण प्रावधानों पर प्रकाश डाला। पुलिस अधीक्षक श्री आदित्य कुमार मिश्रा ने साइबर अपराधों से बचाव के उपाय बताते हुए कहा कि जागरूकता ही इससे बचने का सबसे प्रभावी तरीका है। उन्होंने आमजन से सतर्क रहने एवं किसी भी संदिग्ध गतिविधि की सूचना तत्काल देने का आग्रह किया। शिविर के साथ आयुष विभाग के समन्वय से स्वास्थ्य शिविर भी आयोजित किया गया, जिसमें ग्रामीणों का स्वास्थ्य परीक्षण कर उन्हें निःशुल्क दवाइयां वितरित की गईं। विभिन्न विभागों द्वारा स्टॉल लगाकर शासन की जनकल्याणकारी योजनाओं की जानकारी दी गई। साथ ही एनजीओ के माध्यम से बच्चों को पोषण आहार भी वितरित किया गया। जिला विधिक सेवा प्राधिकरण द्वारा स्थापित हेल्प डेस्क के माध्यम से कुल 668 ग्रामीणजनों को लाभान्वित किया गया।

# ग्राम पंचायत पांडरवानी में तालाब-पुलिया निर्माण में भारी भ्रष्टाचार कभी भी टपक सकते हैं निर्माणधीन कार्य

हरिभूमि न्यूज ▶▶ बरघाट। राकेश अगरवार

फर्जी बिलों से शासकीय राशि का गबन, कार्रवाई नहीं होने से ग्रामीणों में आक्रोश जनपद पंचायत सीईओ बनी हुई है मुखदर्शक

सरपंच-सचिव पर गंभीर आरोप! कई बार शिकायत के बावजूद जनपद स्तर पर मामला

## दबाने का आरोप, जिला प्रशासन से निष्पक्ष जांच की मांग

जनपद पंचायत बरघाट अंतर्गत आने वाली ग्राम पंचायत पांडरवानी में मनरेगा और अन्य निर्माण कार्यों के नाम पर लाखों रुपये के कथित घोटाले का मामला सामने आया है ग्रामीणों और पंचायत प्रतिनिधियों ने आरोप लगाया है कि पंचायत में कराए गए तालाब, पुलिया और रिपटा निर्माण कार्यों में सरपंच और सचिव द्वारा फर्जी बिल लगाकर शासकीय राशि का अवैध भुगतान कराया गया है,ग्रामीणों का कहना है कि बीते वर्षों में पंचायत के नाम पर कई निर्माण कार्यों का कागजों में मूल्यांकन दिखाकर भुगतान कर लिया गया, जबकि जमीन पर कई काम या तो अधूरे हैं या उनकी लागत वास्तविकता से बेहद कम है, आरोप है कि फर्जी बिल और कागजी मूल्यांकन के माध्यम से लाखों रुपये की सरकारी राशि का गबन किया गया।

### बार-बार शिकायत, फिर भी कार्रवाई नहीं

मामले को लेकर ग्रामीणों और पंचों द्वारा कई बार जनपद पंचायत बरघाट में शिकायतें दर्ज कराई गईं, लेकिन हर बार अधिकारियों द्वारा मामले को दबाने का प्रयास किए जाने का आरोप लगाया जा रहा है। ग्रामीणों का कहना है कि यदि शिकायतों पर समय रहते जांच होती तो भ्रष्टाचार का यह मामला पहले ही सामने आ सकता था।

### सूचना मांगने पर टालमटोल

ग्रामवासियों का यह भी आरोप है कि पंचायत के निर्माण कार्यों और खर्च की जानकारी मांगने पर सरपंच और सचिव द्वारा पारदर्शिता नहीं दिखाई गई,कई बार जानकारी मांगने के बावजूद कार्य की पूरी जानकारी और दस्तावेज उपलब्ध नहीं कराए गए, जिससे ग्रामीणों में संदेह और गहरा गया।

### जिला प्रशासन तक पहुंची शिकायत

ग्रामीणों ने इस मामले को लेकर जिला प्रशासन को भी लिखित शिकायत दी है। शिकायत



में मांग की गई है कि पंचायत में हुए सभी निर्माण कार्यों की तकनीकी जांच कराई जाए और भुगतान की पूरी फाइलों की जांच की जाए,ग्रामीणों का कहना है कि यदि निष्पक्ष जांच कराई जाती है तो पंचायत में हुए घोटाले की परतें खुल सकती हैं और दोषियों के खिलाफ सख्त कार्रवाई हो सकती है।




### ग्रामीणों में बढ़ रहा आक्रोश

लगातार शिकायतों के बावजूद कार्रवाई न होने से गांव में जनाक्रोश बढ़ता जा रहा है, ग्रामीणों का आरोप है कि जनपद स्तर के कुछ अधिकारियों का संरक्षण मिलने के कारण ही मामला दबाया जा रहा है, ग्रामीणों और पंचों ने अब चेतावनी दी है कि यदि जल्द ही इस मामले में उच्चस्तरीय जांच और दोषियों पर कार्रवाई नहीं हुई, तो वे जन आंदोलन और उच्च अधिकारियों से हस्तक्षेप की मांग करने को मजबूर होंगे क्या ग्राम पंचायत पांडरवानी के निर्माण कार्यों की होगी उचित जांच या नही यह समझ के परे है।

## खबर संक्षेप

### "संकल्प से समाधान" अंतर्गत जिला स्तरीय शिविर का आयोजन 30 मार्च को

**हरिभूमि न्यूज सिवनी।** मध्यप्रदेश शासन के निर्देशानुसार "संकल्प से समाधान" अभियान के अंतर्गत जिले में 30 मार्च 2026 को जिला स्तरीय शिविर का आयोजन किया जाएगा। यह अभियान 12 जनवरी से 31 मार्च 2026 तक संचालित किया जा रहा है, जिसका उद्देश्य आमजन को शासकीय योजनाओं का त्वरित लाभ उपलब्ध कराना है। कलेक्टर श्रीमती शीतला पटले ने सभी विभागों को निर्देशित किया है कि वे शिविर के सफल आयोजन हेतु आवश्यक तैयारियां समय-सीमा में पूर्ण करें तथा अपने विभाग अंतर्गत संचालित योजनाओं का व्यापक प्रचार-प्रसार सुनिश्चित करें। उन्होंने यह भी कहा कि प्राप्त आवेदनों का त्वरित एवं गुणवत्तापूर्ण निराकरण किया जाए, ताकि आमजन को शीघ्र लाभ मिल सके। जिला स्तरीय शिविर का आयोजन 30 मार्च को प्रातः 11:00 बजे किया जाएगा, जिसमें विभिन्न विभागों द्वारा योजनाओं की जानकारी दी जाएगी एवं प्राप्त आवेदनों का मौके पर निराकरण किया जाएगा। कलेक्टर श्रीमती पटले ने निर्देश दिए हैं कि सभी विभाग प्रथम एवं द्वितीय चरण में प्राप्त आवेदनों का शत-प्रतिशत निराकरण सुनिश्चित करें। साथ ही प्रत्येक विभाग 50 हितग्राहियों/लाभार्थियों का चयन कर जिला स्तरीय कार्यक्रम में लाभ वितरण सुनिश्चित करें। कलेक्टर श्रीमती पटले ने सभी संबंधित विभागों, नगरीय निकायों एवं जनपद पंचायतों को आवश्यक कार्यवाही हेतु निर्देश जारी किए गए हैं।

### जिला स्तरीय सेमिनार एवं पुष्प-फल-सब्जी महोत्सव आज से

**हरिभूमि न्यूज सिवनी।** कलेक्टर श्रीमती शीतला पटले के मार्गदर्शन में उद्यानिकी एवं खाद्य प्रसंस्करण विभाग, जिला सिवनी द्वारा जिला स्तरीय सेमिनार एवं पुष्प-फल-सब्जी महोत्सव का आयोजन किया जा रहा है। इस आयोजन का उद्देश्य किसानों एवं उद्यमियों को उद्यानिकी फसलों की आधुनिक तकनीकों, प्रसंस्करण एवं विपणन से संबंधित जानकारी उपलब्ध कराना है। कार्यक्रम का उद्घाटन सत्र 29 मार्च 2026 को प्रातः 10 बजे कंपनी गार्डन, सिवनी में आयोजित होगा, जबकि समापन सत्र 30 मार्च 2026 को होगा। कलेक्टर श्रीमती पटले ने जिले के कृषकों, उद्यमियों एवं आम नागरिकों से इस महोत्सव में अधिक से अधिक संख्या में सहभागिता कर लाभ लेने का आग्रह किया है। उन्होंने कहा कि ऐसे आयोजन किसानों की आय वृद्धि एवं नवाचार को बढ़ावा देने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं।

### शीतल पेयजल हेतु प्याऊ किया आरम्भ

**हरिभूमि न्यूज लखनादौन** विकासखंड के ग्राम गणेशगंज में मप्र जन अभियान परिषद की सेक्टर नवांकुर संस्था देवर्षि नारद प्रचार प्रसार समिति के सहयोग से जल गंगा संवर्धन अभियान अंतर्गत जल शक्ति से नव भक्ति कार्यक्रम द्वारा बढ़ती गर्मी के बीच बाजार के समीप शीतल पेयजल हेतु प्याऊ का शुभारंभ किया गया है इस पुनीत कार्य में जन अभियान परिषद की विकासखंड समन्वयक श्रीमती रीतावर्मा श्रीवास्तव,सेक्टर की नवांकुर एवं प्रस्फुटन समिति के प्रतिनिधि,महिला एवं बाल विकास विभाग से सेक्टर सुपरवाइजर तक्षशिलाजी,आंगनवाड़ी कार्यकर्ता एवं सहायिकाएं,स्थानीय समाजकार्य के छात्र छात्राएं उपस्थित रहे।

### अवकाश के दिन भी परीक्षा फार्म अप्रूवल होंगे

**हरिभूमि न्यूज सिवनी।** प्रधानमंत्री कॉलेज आफ एक्सीलेंस शासकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय सिवनी के प्राचार्य डॉ रवि शंकर नाग के द्वारा जानकारी दी गई है कि राजा शंकर शाह विश्वविद्यालय छिंदवाड़ा के निर्देशानुसार दिनांक 29 मार्च 2026 रविवार एवं 31 मार्च 2026 महावीर जयंती के दिन अवकाश होने पर भी महाविद्यालय में परीक्षा फार्म अप्रूवल का कार्य जारी रहेगा ।जो भी विद्यार्थी अभी तक अपना परीक्षा फॉर्म अप्रूव नहीं कर पाए हैं महाविद्यालय में उपस्थित होकर समय सीमा के अंदर परीक्षा फॉर्म अप्रूव करावे परीक्षा फॉर्म भरने की अंतिम तिथि 31 मार्च 2026 है।

# खेत में गड्ढे में डूबने से दो सगे भाइयों की मौत

हरिभूमि न्यूज ▶▶ सिवनी।

खेत में बने पानी से भरे गड्ढे में डूबने से दो सगे भाइयों की मौत हो गई। मामला कान्हीवाड़ा थाना क्षेत्र के ग्राम पंचायत मेहरा खापा के रिंझाई टोला की है। घटना शुक्रवार रात को हुई। मृतकों की पहचान कृष्णा मर्सकोले (9) और कायरव मर्सकोले (5) के रूप में हुई है। वे दिनेश मर्सकोले के पुत्र थे और रिंझाई टोला के निवासी थे। खेलते समय गड्ढे में गिरने से मौत हो गई जानकारी के अनुसार, दोनों बच्चे घर से करीब 1 किलोमीटर दूर स्थित एक खेत में खेलने गए थे। खेलते समय



वे पानी से भरे एक गहरे गड्ढे के पास पहुंच गए। संतुलन बिगडऩे के कारण दोनों बच्चे गड्ढे में गिर गए और गहराई अधिक होने के कारण बाहर नहीं निकल पाए, जिससे उनकी डूबकर मौत हो गई। देर रात तक जब बच्चे घर नहीं लौटे, तो परिजनों ने उनकी तलाश शुरू की। काफी खोजबीन के बाद दोनों बच्चों के शव उसी खेत के गड्ढे से बरामद किए गए।पुलिस ने शवों को पोस्टमार्टम के लिए भेजा घटना की सूचना मिलते ही कान्हीवाड़ा थाना पुलिस मौके पर पहुंची और आवश्यक कार्रवाई शुरू की। पुलिस ने शवों का पंचनामा तैयार कर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। शनिवार को पोस्टमार्टम के बाद शव परिजनों को सौंप दिए जाएंगे। कान्हीवाड़ा थाना प्रभारी संतोष पन्द्रे ने बताया कि गड्ढे में डूबने से दो बच्चों की मौत की सूचना मिली थी। पुलिस ने मर्ग कायम कर मामले की जांच शुरू कर दी है।

विभागीय वार्मअप क्रिकेट टूर्नामेंट

# महिला बाल विकास 11 विजयी, अजय ने लगाया पहला अर्धशतक

**सिवनी।** स्थानी पीजी कॉलेज मैदान में विभागीय वार्म अप मैच खेले जा रहे हैं।आज का मैच महिला बाल विकास इलेवन के नाम रहा। जिसने टीचर इलेवन पर एक तरफा मैच हराया। मैच में महिला बाल विकास इलेवन ने पहले बल्लेबाजी करते हुए निर्धारित 10 ओवर में 2 विकेट पर 135 रन बनाए। महिला बाल विकास इलेवन की ओर से धनेन्द्र ने 19 बाल में 2 चौके, 2 छक्के लगाते हुए 30 रन बनाए, संतोष ने 13 बाल में 1 चौके,2 छक्के लगाते हुए 20 रन बनाए, शंशाक ने 27 बाल में 6 चौके, 6 छक्के लगाते हुए नाट आउट 71 रन बनाए , शंशाक ने इस टूर्नामेंट का पहला 50 रन 17 बाल में मारें। टीचर्स इलेवन की ओर से गेंदबाजी करते हुए राम कुमार ने 2 ओवर में 22 पर 1 विकेट, भूपेन्द्र ने 1 ओवर में 20 पर 1 विकेट, शेष कोई भी गेंदबाज को सफलता नहीं मिली। टीचर्स इलेवन ने निर्धारित 10 ओवर में 6 विकेट पर 78 रन बनाए ।जिसमें अजय ने 31 बाल पर 5 चौके, 3 छक्के लगाते हुए 51 रन बनाए , शेष कोई भी बल्लेबाज नहीं जम पाये । महिला बाल विकास इलेवन की ओर से सुरेश ने 2 ओवर में 5 पर 2 विकेट, सुनील ने 2 ओवर में 13 पर 2 विकेट , अमित 1 ओवर में 10 पर 2 विकेट लिए। आज टीचर्स इलेवन की ओर से अजय ने 50 बनाये । इस टूर्नामेंट की दूसरा 50 लगा ।इस तरह महिला बाल विकास इलेवन ने दूसरा मैच खेलते हुए पहली जीत 57 से जीता।



# छपारा में निःशुल्क स्वास्थ्य शिविर का सफल आयोजन, 125 मरीजों को मिला लाभ

**छपारा।** मसीही समाज एवं मिशन स्कूल, छपारा के संयुक्त तत्वावधान में तथा मिशन अस्पताल के सौजन्य से आयोजित निःशुल्क स्वास्थ्य जाँच एवं परामर्श शिविर का सफलतापूर्वक समापन हुआ। इस शिविर में क्षेत्र के लोगों ने उत्साहपूर्वक भाग लेते हुए स्वास्थ्य सेवाओं का लाभ उठाया। शिविर के दौरान लगभग 125 मरीजों की जाँच एवं परामर्श किया गया। इसमें छपारा, सिवनी एवं आसपास के ग्रामीण अंचलों से आए लोगों ने विभिन्न रोगों के लिए विशेषज्ञ चिकित्सकीय सलाह प्राप्त की। शिविर में मरीजों को मुफ्त ECG, खून की जांच तथा आवश्यक दवाइयों का भी निःशुल्क वितरण किया गया, जिससे उन्हें समग्र स्वास्थ्य सुविधा एक ही स्थान पर उपलब्ध हो सकी। साथ ही जिन मरीजों को सर्जरी की आवश्यकता चिन्हित की गई है, उन्हें 10 अप्रैल तक लखनादौन स्थित मिशन अस्पताल में निःशुल्क ऑपरेशन सुविधा प्रदान किए जाने की जानकारी दी गई। इस अवसर पर लखनादौन मिशन अस्पताल के जनरल एवं लेप्रोस्कोपिक सर्जन डॉ. स्टीफ़न टॉम जूड का विशेष योगदान रहा, जिनके मार्गदर्शन में मरीजों को गुणवत्तापूर्ण परामर्श एवं उपचार संबंधी दिशा-निर्देश प्राप्त हुए। शिविर के सफल आयोजन पर स्थानीय नागरिकों एवं ग्रामीणों ने आयोजकों के प्रति आभार व्यक्त करते हुए इसकी भूरी-भूरी सराहना की। साथ ही उन्होंने यह मांग भी रखी कि छपारा में पुनः मिशन अस्पताल प्रारंभ किया जाए। नागरिकों का कहना है कि जब क्षेत्र में शिक्षा एवं स्वास्थ्य की सुविधाएँ सीमित थीं, उस समय मिशन अस्पताल और मिशन स्कूल ने महत्वपूर्ण भूमिका निभाई थी और ये संस्थाएँ आज भी लोगों के बीच विश्वास का प्रतीक हैं। वर्तमान में नगर में पर्याप्त एवं गुणवत्तापूर्ण चिकित्सा सुविधाओं के अभाव को देखते हुए ग्रामीणों ने मिशन अस्पताल के पुनः संचालन की आवश्यकता पर बल दिया।



# सिवनी में U-19 इंटर डिस्ट्रिक्ट चैंपियंस ट्रॉफी लेदर बॉल क्रिकेट टूर्नामेंट का आयोजन 31 मार्च से

**हरिभूमि न्यूज सिवनी।** जिले में क्रिकेट प्रतिभाओं को मंच प्रदान करने के उद्देश्य से अंडर 19 इंटर डिस्ट्रिक्ट चैंपियंस ट्रॉफी (लेदर बॉल क्रिकेट टूर्नामेंट) 2026 का आयोजन 31 मार्च 2026 से सिवनी के पालिटेक्निक ग्राउंड किया जा रहा है। इस प्रतियोगिता में विभिन्न जिलों की कुल 12 टीमें भाग लेंगी, जिन्हें चार अलग-अलग पूलों में विभाजित किया गया है। टूर्नामेंट के अध्यक्ष अजय मिश्रा, संयोजक कलाम खान तथा सचिव अब्दुल काबिज़ खान होंगे। आयोजन समिति द्वारा सभी तैयारियां पूर्ण कर ली गई हैं तथा प्रतियोगिता को सफल बनाने के लिए व्यापक स्तर पर व्यवस्थाएं की जा रही हैं। समिति द्वारा पूल विवरण इस प्रकार है :- पूल A- सिवनी ब्लू, लखनादौन, मंडला। पूल B- सिवनी येलो, केवलारी + बालाघाट, पांढुरना। पूल C- सिवनी रेड, जबलपुर (D), नरसिंहपुर। पूल D- जबलपुर CC, छिंदवाड़ा, नागपुर। प्रतिदिन दो मैच खेले जाएंगे पहला सुबह 8 बजे एवं दूसरा दोपहर 12 बजे। 31 मार्च से 5 अप्रैल तक लीग मुकाबले आयोजित होंगे, जबकि 6 अप्रैल को सेमीफाइनल एवं 7 अप्रैल को फाइनल मैच खेला जाएगा। आयोजन समिति द्वारा निर्धारित नियम एवं मुख्य बिंदु अनुसार- केवल वही खिलाड़ी भाग ले सकेंगे जिनका जन्म 1 जनवरी 2007 या उसके बाद हुआ हो।, प्रत्येक टीम अधिकतम 16 खिलाड़ियों का स्क्वॉड रख सकेगी।, सभी मैच 20-20 ओवर के होंगे एवं व्हाइट लेदर बॉल से खेले जाएंगे।, खिलाड़ियों के दस्तावेजों का सत्यापन आवश्यक होगा। अंडर 19 इंटर डिस्ट्रिक्ट चैंपियंस ट्रॉफी (लेदर बॉल क्रिकेट टूर्नामेंट) अंतर्गत आयोजन समिति की ओर से पुरस्कारों में विजेता टीम ₹25,000 जबकि उपविजेता टीम ₹15,000 रूपए की राशि प्रदान की जाएगी। मैचों में सम्मिलित टीमों की विशेष जानकारी अनुसार बाहर से आने वाली टीमों के लिए आवास एवं भोजन की व्यवस्था आयोजन समिति द्वारा की जाएगी। सभी मैचों का लाइव प्रसारण गौतम डिजिटल के माध्यम से किया जाएगा। सभी टीमों को मैच के निर्धारित समय से 30 मिनट पूर्व मैदान पर उपस्थित होना अनिवार्य रहेगा। आयोजन समिति ने जिले के सभी क्रिकेट प्रेमियों से इस प्रतियोगिता में अधिक से अधिक संख्या में उपस्थित होकर खिलाड़ियों का उत्साहवर्धन करने की अपील की है।

UNDER-19 CHAMPION TROPHY INTER DISTRICT LEATHER BALL CRICKET TOURNAMENT SEONI

# सिवनी से अयोध्या धाम के लिए भारत गौरव पर्यटक ट्रेन 30 मार्च को होगी रवाना

**हरिभूमि न्यूज सिवनी।** दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे, द्वारा मध्य प्रदेश के श्रद्धालुओं के लिए नागपुर मंडल के अंतर्गत सिवनी से अयोध्या धाम और बनारस के बीच विशेष भारत गौरव पर्यटक ट्रेन (गाड़ी संख्या 08813/08814) का संचालन किया जा रहा है। यह गाड़ी दिनांक 30 मार्च 2026 को सुबह 09 बजे सिवनी रेलवे स्टेशन से अपनी धार्मिक यात्रा के लिए प्रस्थान करेगी।
गाड़ी संख्या 08813 (सिवनी से अयोध्या) दिनांक 30 मार्च 2026 को 09 बजे सिवनी से रवाना होकर छिंदवाड़ा आगमन 10.30 बजे प्रस्थान 10.40 बजे, इटारसी जंक्शन आगमन 16.00 बजे प्रस्थान 16.10 बजे, नरसिंहपुर आगमन 18.00 बजे प्रस्थान 18.05



बजे, जबलपुर आगमन 19.25 बजे प्रस्थान 19.35 बजे, सतना आगमन 22.50 बजे प्रस्थान 22.55 बजे, प्रयागराज छिवकी आगमन 02.15 बजे प्रस्थान 02:20 बजे, बनारस 07:35 बजे प्रस्थान 09 बजे एवं व्हाया - लोहटा, एम बी डी डी प्रतापगढ़ जंक्शन, सुल्तानपुर होते हुए अयोध्या 14.30 बजे पहुँचेगी। ठीक इसी प्रकार वापसी यात्रा गाड़ी संख्या 08814 (अयोध्या से सिवनी दिनांक 03 अप्रैल 2026 को अयोध्या से 20.00 बजे रवाना होकर वाराणसी जंक्शन आगमन 00.20 बजे प्रस्थान 00.30 बजे, प्रयागराज छिवकी आगमन 6 बजे प्रस्थान 06.05 बजे, सतना आगमन 12.25 बजे प्रस्थान 12.30 बजे, जबलपुर आगमन 17.10 बजे प्रस्थान 17.20 बजे, नरसिंहपुर आगमन 19.00 बजे प्रस्थान 19.05 बजे, इटारसी जंक्शन आगमन 22.05 बजे प्रस्थान 22.15 बजे, छिंदवाड़ा आगमन 04.05 बजे प्रस्थान 04.10 बजे एवं सिवनी 06 बजे पहुँचेगी।

# घंसौर में अंबेडकर जयंती की तैयारियां तेज

### संविधान निर्माता बाबा साहेब के जन्मोत्सव को भव्य बनाने जुटे जनप्रतिनिधि और नागरिक

हरिभूमि न्यूज ▶▶ घंसौर।

भारतीय संविधान के शिल्पकार परम पूज्य डॉ. बाबा साहेब भीमराव अंबेडकर की जयंती को इस वर्ष भी पूरे उत्साह और गरिमा के साथ मनाने की तैयारियां शुरू हो गई हैं। इसी कड़ी में जनपद पंचायत सभा कक्ष, घंसौर में 1 अप्रैल 2026 को दोपहर 4 बजे एक महत्वपूर्ण बैठक आयोजित की जा रही है, जिसमें कार्यक्रम की रूपरेखा तय की जाएगी। प्राप्त जानकारी के अनुसार, यह बैठक अंबेडकर जयंती समारोह को सफल और भव्य बनाने के उद्देश्य से बुलाई गई है। हर वर्ष की भांति इस वर्ष भी 14 अप्रैल को अंबेडकर जयंती धूमधाम से मनाई जाएगी। बैठक में जनपद अध्यक्ष, उपाध्यक्ष, जनपद सदस्य, जिला सदस्य, सभी सरपंच, शासकीय अधिकारी-कर्मचारी, प्रसारक, अनुयायी तथा संविधान में आस्था रखने वाले नागरिकों को आमंत्रित किया गया है। आयोजकों द्वारा सभी संबंधित जनप्रतिनिधियों और सामाजिक कार्यकर्ताओं से विशेष आग्रह किया गया है कि वे बैठक में अपनी उपस्थिति दर्ज कराते हुए कार्यक्रम को सफल बनाने में सक्रिय योगदान दें। बैठक के दौरान जयंती समारोह के अंतर्गत होने वाले विभिन्न कार्यक्रमों जैसे शोभायात्रा, सांस्कृतिक आयोजन, विचार गोष्ठी एवं सामाजिक जागरूकता गतिविधियों पर विस्तार से चर्चा की जाएगी।

# विधायक दिनेश राय मुनमुन ने अग्नि पीड़ित किसानों का जाना हाल

### विधायक स्वेच्छानुदान से आर्थिक सहायता की घोषणा किया

**हरिभूमि न्यूज सिवनी।** सिवनी विधानसभा क्षेत्र के विधायक दिनेश राय मुनमुन जी ने ग्राम सीलादेही एवं पिपरिया (पलारी) पहुंचकर अग्नि पीड़ित किसानों का हाल जाना तथा ढांढस बंधाकर स्वेच्छानुदान निधि से आर्थिक सहायता देने की घोषणा किया। आज विधानसभा क्षेत्र अंतर्गत आने वाले ग्राम सीलादेही एवं पिपरिया (पलारी) का दौरा कर भाजपा विधायक दिनेश राय मुनमुन द्वारा उन पीड़ित किसान बंधुओं से मुलाकात ढांढस बंधाया जिनकी फसलें गत दिवस भीषण अग्नि दुर्घटना का शिकार हो गयीं थी। इस दौरान आपने उक्त ग्रामों मे किसान बंधुओं के खेतों पर पहुंचे जली हुयी फसलों का निरीक्षण कर संवाद करते हुए ढांढस बंधाया। इसके साथ ही विधायक श्री दिनेश राय मुनमुन जी ने किसानों को तात्कालिक राहत पहुंचाने के उद्देश्य से शासन के आरबीसी प्रावधानों के अलावा पटवारी प्रतिवेदन के आधार पर 2000 रुपये प्रति एकड़ एवं 5000 रुपये प्रति हेक्टेयर की सहायता विधायक स्वेच्छानुदान निधि दिये जाने की घोषणा किया।

### प्रेमचंद सनोडिया शिक्षक का निधन

**हरिभूमि न्यूज सिवनी।** स्व. प्रेमचंद सनोडिया शिक्षक (लेक्चरर) मुंगवानी निवासी रनवेली मारबोड़ी वर्तमान निवास गंगानगर सिवनी का आज दिनांक 28-03-2026 को सुबह में आकस्मिक निधन हो गया है। परमात्मा मृत आत्मा को मोक्ष प्रदान करें। जिनका अंतिम संस्कार लखनवाड़ा मोक्षधाम में 1.30 बजे हो रहा है म प्र शिक्षक कांग्रेस के समस्त पदाधिकारियों की ओर से दिवंगत आत्मा को श्रद्धांजलि अर्पित है।



# फिर बना आदिवासी युवक बाघ का शिकार, दो माह में चौथी घटना

हरिभूमि न्यूज ▶▶ सिवनी।

वन विकास निगम बेहरई रेंज के अन्तर्गत आने वाले जंगल मे बाघ के द्वारा आज फिर एक आदिवासी युवक का शिकार किया गया है जिससे क्षेत्र मे भय का माहोल बना हुआ है।
उल्लेखनीय है ग्राम डोरली निवासी युवक विनोद पिता अमरसिंह उईके उम्र 32 वर्ष सबेरे महूआ चुनने के लिये गया था साथ विनोद के साथ महूआ चुनने के लिये माता पिता के साथ साथ छोटा भाई भी गया हुआ था जो पूरा परिवार अलग अलग दिशा मे महूआ चुनने मे लग गये जंगल घना होने के कारण एक दूसरे को देख पाना मुश्किल था इसी बीच बाघ ने विनोद को अपना शिकार बना लिया तथा विनोद के शरीर को घसीटते हुऐ नाली मे लेजाकर रख दिया

**छोटे भाई ने देखा शेर**-समीप ही महूआ चुन रहे छोटे भाई पंकज ने सबसे पहले जंगल मे बाघ को देखा तथा शोर मचाना प्रारम्भ किया इसी बीच बाघ की दहाड से अन्य लोग जो महूआ चुनने जंगल गये हुऐ थे इक_ा होने लगे किन्तु तब तक बाघ के द्वारा विनोद का शिकार किया जा चुका था परिवार मे विनोद के माता पिता तथा भाई तथा भाई की पत्नि जंगल मे ही मौजूद थी किन्तु मृतक विनोद की पत्नि गर्भवती होने के कारण घर पर ही थी। घटना की सूचना मिलते ही वन परिक्षेत्र अधिकारी रवि प्रसाद गेडाम वन विकास निगम बेहरई अपने स्टाफ के साथ घटना स्थल पर पहूच गये तथा घटना की सूचना अपने उच्चाधिकारी यो को दी सूचना मिलते ही एसडीओ अनिल छत्री भी घटना स्थल पर पहूचे तथा शासन से आठ लाख रूपये की राशि जो नियमावली मे है देने की घोषणा की तथा मौके पर ही परिवार को बीस हजार रूपये की सहायता राशि प्रदान की साथ बाघ के शिकार विनोद के शव को वन परिक्षेत्र अधिकारी के द्वारा अपनी उपस्थिति मे पी एम के लिये सिवनी ले जाया गया तथा पूरा दिन मृतक के परिवार के साथ खडे हो अन्तिम संस्कार तक अपने स्टाफ के साथ अपनी उपस्थिति बनाये रखी।



**खबर संक्षेप**

## सीएमओ ने नागरिकों से की अपील 31 मार्च तक जमा करें बकाया कर



**वारासिवनी।** नगरपालिका परिषद वारासिवनी की खस्ताहाल आर्थिक स्थिति को देखते हुए राज्य शासन के आदेश पर शत प्रतिशत राजस्व वसूली का अभियान प्रारंभ किया गया है। जिसके तहत बकायादारों को डिमांड नोटिस भेजे जा चुके है और नगर के पूरे वार्डो में मुनादी के माध्यम से लोगों को समय सीमा में भुगतान करने के लिए जानकारीदी जा रही है।उल्लेखनीय है कि नगरपालिका द्वारा नागरिकों से संपत्ति कर, समेकित कर, जल कर, भवन.भूमि किराया सहित अन्य बकाया करों की वसूली की जाती है। चूँकि वित्तीय वर्ष 31 मार्च शीघ्र ही समाप्त होने वाला है। इसीलिए नगरपालिका द्वारा वसूली अभियान प्रारंभ किया गया है। मुख्य नगर पालिका अधिकारी सूर्यप्रकाश उके ने कहा कि सभी करदाता 31 मार्च 2026 से पूर्व अपने बकाया करों का भुगतान कर दें। निर्धारित समय सीमा के बाद 1 अप्रैल 2026 से बकाया करों में दोगुनी वृद्धि की जाएगी। इसके साथ ही बड़े बकायादारों के नाम सार्वजनिक स्थलों पर होर्डिंग एवं बैनर के माध्यम से प्रकाशित किए जाएंगे, जिसकी जिम्मेदारी संबंधित करदाता की स्वयं होगी। नगरपालिका ने नागरिकों से अपील की है कि वे अंतिम समय का इंतजार न करें और समय रहते अपने बकाया कर जमा कर नगर के विकास में सहयोग करें।

## नेवरगांव कला में जल गंगा संवर्धन अभियानः जल गुणवत्ता परीक्षण और स्वच्छता को लेकर जागरूकता बढ़ी

**बालाघाट।** जिले के विकासखंड किरनापुर अंतर्गत ग्राम नेवरगांव कला में 26 मार्च 2026 को जल गंगा संवर्धन अभियान के तहत विभिन्न गतिविधियों का सफल आयोजन किया गया। कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य ग्रामीणों को शुद्ध पेयजल, जल संरक्षण और स्वच्छता के प्रति जागरूक करना रहा। अभियान के अंतर्गत स्कूलों एवं आंगनवाड़ियों में फील्ड टेस्टिंग किट (FTK) के माध्यम से पेयजल की गुणवत्ता का परीक्षण किया गया। यह कार्य लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी विभाग बालाघाट के ब्लॉक समन्वयक श्रुति गजभिये, खंड कार्यालय से शीतल मिश्रा एवं हरीश झा (पीएमयू) के मार्गदर्शन में संपन्न हुआ। टीम द्वारा मौके पर ही जल के नमूनों की जांच कर क्लोरीन, आयरन एवं फ्लोराइड जैसे महत्वपूर्ण मानकों का परीक्षण कर प्रदर्शित किया गया।

# रामनवमीं पर कोसुम्बा ग्राम में जल मंदिर (प्याऊ) का शुभारंभ



**रामनवमी के पावन अवसर पर कटंगी क्षेत्र के कोसुम्बा ग्राम में जल मंदिर (प्याऊ) का शुभारंभ किया गया। "जल सेवा, मानव सेवा" के उद्देश्य से आयोजित इस पहल ने भीषण गर्मी के बीच ग्रामीणों को राहत प्रदान करने के साथ ही जल संरक्षण के प्रति जागरूकता का संदेश भी दिया।**

कलेक्टर श्री मृणाल मीना के निर्देशन में जिले में जल गंगा संवर्धन अभियान सतत संचालित है। इस अभियान के अंतर्गत जल स्त्रोतों की साफ-सफाई, गहरीकरण एवं बोरीबंधान जैसे कार्य जिला पंचायत सीईओ श्री अभिषेक सराफ एवं जिला समन्वयक श्री सुशील बर्मन के मार्गदर्शन में किए जा रहे हैं। इसी कड़ी में नवांकुर संस्था एवं कोसुम्बा ग्राम विकास समिति द्वारा ग्राम के मुख्य चौक में जल मंदिर (प्याऊ) की स्थापना की गई। कार्यक्रम का नेतृत्व संस्था के युवराज मूर्खे ने किया तथा शुभारंभ पूजा-अर्चना के साथ संपन्न हुआ। उद्घाटन समारोह विधायक श्री गौरवसिंह पारधी की गरिमामयी उपस्थिति में आयोजित हुआ। इस अवसर पर उन्होंने जल संरक्षण के महत्व पर प्रकाश डालते हुए कहा कि बढ़ती गर्मी में ऐसे जल मंदिर आमजन के लिए अत्यंत उपयोगी सिद्ध होते हैं। उन्होंने सभी से जल के संरक्षण एवं विवेकपूर्ण उपयोग की अपील करते हुए कहा कि जल बचाना हम सभी की जिम्मेदारी है, ताकि आने वाली पीढ़ियों के लिए यह अमूल्य संसाधन सुरक्षित रह सके। कार्यक्रम में जन अभियान परिषद से नवांकुर संस्था अध्यक्ष युवराज मूर्खे, परामर्शदाता अवलेश पारधी, प्रस्फुटन समिति अध्यक्ष खेमराज मूर्खे, वरिष्ठ कार्यकर्ता प्रकाश सोनवाने, हरीश खोब्रागड़े, जयपाल पुष्पतोड़े, चंद्रकांत गर्दे, अशोक जायनाकर, मयंक मूर्खे, एवन नागोसे, विवेक जायनाकर, संतराम राऊत, इलेश सोनगड़े सहित बड़ी संख्या में ग्रामीणजन उपस्थित रहे। इस पहल से न केवल राहगीरों और ग्रामीणों को पेयजल की सुविधा मिलेगी, बल्कि जल गंगा संवर्धन अभियान को भी नई ऊर्जा प्राप्त हुई है।

# मनरेगा से बदली तकदीर: पारडी गांव बना विकास की मिसाल





**बालाघाट।** जिले की ग्राम पंचायत पारडी आज ग्रामीण विकास की एक प्रेरणादायक कहानी बनकर उभरी है। कभी सीमित संसाधनों और रोजगार के अभाव से जूझने वाला यह गांव अब महात्मा गांधी राष्ट्रीय ग्रामीण रोजगार गारंटी अधिनियम (मनरेगा) के प्रभावी क्रियान्वयन से नई पहचान बना रहा है।

गांव की तस्वीर बदलने में मनरेगा की महत्वपूर्ण भूमिका रही है। योजना के तहत यहां भूमि सुधार, वृक्षारोपण, जल संरक्षण और आजीविका से जुड़े कई कार्य किए गए। इन कार्यों ने न केवल गांव के प्राकृतिक संसाधनों को संजोया, बल्कि ग्रामीणों को उनके अपने गांव में ही रोजगार के अवसर भी उपलब्ध कराए।

पहले जहां ग्रामीणों को रोजगार की तलाश में पलायन करना पड़ता था, वहीं अब स्थिति पूरी तरह बदल चुकी है। गांव में ही नियमित काम मिलने से लोगों की आय में वृद्धि हुई है और उनका जीवन स्तर बेहतर हुआ है। खासकर छोटे और सीमांत किसानों को इसका सीधा लाभ मिला है, जिन्होंने मनरेगा से मिली सुविधाओं का उपयोग कर अपनी खेती को अधिक उत्पादक बनाया है। वृक्षारोपण और जल संरक्षण जैसे कार्यों से पारडी का पर्यावरण भी सुदृढ़ हुआ है। हरियाली बढ़ने से जहां एक ओर जल स्तर में सुधार हुआ है, वहीं दूसरी ओर गांव का वातावरण भी अधिक स्वच्छ और संतुलित बना है। गांव के हितग्राही बताते हैं कि मनरेगा ने उनके जीवन में स्थिरता और आत्मविश्वास दोनों दिए हैं। अब वे न केवल आर्थिक रूप से मजबूत हुए हैं, बल्कि आत्मनिर्भर बनने की दिशा में भी तेजी से आगे बढ़ रहे हैं। ग्राम पंचायत पारडी की यह सफलता इस बात का प्रमाण है कि यदि सरकारी योजनाओं का सही और पारदर्शी तरीके से क्रियान्वयन किया जाए, तो वे ग्रामीण जीवन में वास्तविक परिवर्तन ला सकती हैं। मनरेगा ने यहां केवल रोजगार ही नहीं दिया, बल्कि लोगों के सपनों को साकार करने का माध्यम भी बना है।

# जल गंगा संवर्धन अभियानः कस्तूरी नाला बना स्वच्छता और जागरूकता की मिसाल





बालाघाट जिले के उत्तर वनमंडल अंतर्गत उत्तर उकवा वन परिक्षेत्र में स्थित कस्तूरी नाला इन दिनों स्वच्छता और पर्यावरण संरक्षण की एक प्रेरणादायक पहल का साक्षी बन रहा है।

जल गंगा संवर्धन अभियान के तहत यहां व्यापक स्तर पर सफाई अभियान चलाया गया, जिसमें नाले से पॉलीथिन और डिस्पोजल जैसे अपशिष्ट पदार्थों को हटाकर उसे स्वच्छ बनाने का सराहनीय कार्य किया गया।यह अभियान उत्तर वनमंडल के वन मंडलाधिकारी श्री रेशम सिंह धुर्वे के मार्गदर्शन में संचालित किया गया। उनके निर्देशन में वन विभाग की टीम ने न केवल नाले की सफाई की, बल्कि आसपास के क्षेत्र में स्वच्छता और पर्यावरण संरक्षण को लेकर जागरूकता का संदेश भी दिया।

कस्तूरी नाला, जो कभी प्लास्टिक कचरे और गंदगी से प्रभावित हो रहा था, अब साफ-सुथरा नजर आने लगा है। इस पहल से न केवल जल स्त्रोत का संरक्षण हुआ है, बल्कि वन्य जीवों और आसपास के पर्यावरण को भी बड़ा लाभ मिला है। अभियान के दौरान यह संदेश भी दिया गया कि पॉलीथिन और डिस्पोजल का उपयोग पर्यावरण के लिए कितना हानिकारक है और इसे कम करना हम सभी की जिम्मेदारी है। स्थानीय स्तर पर लोगों को स्वच्छता बनाए रखने और जल स्त्रोतों को प्रदूषण से बचाने के लिए प्रेरित किया गया। इस तरह की पहलें यह दर्शाती हैं कि सामूहिक प्रयास और सही मार्गदर्शन से पर्यावरण संरक्षण की दिशा में बड़े बदलाव संभव हैं। कस्तूरी नाला की यह स्वच्छता अभियान न केवल एक कार्य है, बल्कि आने वाली पीढ़ियों के लिए स्वच्छ और सुरक्षित पर्यावरण की ओर एक मजबूत कदम भी है।

# जल गंगा संवर्धन अभियान के तहत चचानमेटा में जागरूकता और जल गुणवत्ता परीक्षण कार्यक्रम आयोजित



**बालाघाट।** विकासखंड के ग्राम चचानमेटा में 26 मार्च 2026 को जल गंगा संवर्धन अभियान के अंतर्गत विविध गतिविधियों का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का उद्देश्य ग्रामीणों को स्वच्छ पेयजल, जल संरक्षण और स्वच्छता के प्रति जागरूक करना था।

अभियान के तहत स्कूलों एवं आंगनवाड़ियों में फील्ड टेस्टिंग किट (FTK) के माध्यम से पेयजल की गुणवत्ता का परीक्षण किया गया। इस कार्य को लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी विभाग बालाघाट की ब्लॉक समन्वयक रानी सिंह राजपूत एवं खंड कार्यालय से हरीश कुमार झा (पीएमयू) के मार्गदर्शन में संपन्न किया गया। उन्होंने मौके पर ही जल के नमूनों की जांच करते हुए क्लोरीन, आयरन एवं फ्लोराइड जैसे महत्वपूर्ण मानकों की जांच कर प्रदर्शन किया।

कार्यक्रम की खास बात यह रही कि इसमें सामुदायिक भागीदारी को विशेष महत्व दिया गया। गांव के शिक्षकों, छात्र-छात्राओं, स्वयं सहायता समूह की महिलाओं एवं आंगनवाड़ी कार्यकर्ताओं को FTK के उपयोग का प्रशिक्षण दिया गया, जिससे वे भविष्य में स्वयं भी जल की गुणवत्ता जांच सकें।

अधिकारियों द्वारा यह भी जानकारी दी गई कि यदि किसी जल नमूने में दूषित तत्व पाए जाते हैं, तो उसे विस्तृत जांच के लिए जिला या ब्लॉक स्तरीय प्रयोगशाला में भेजा जाता है। इसके साथ ही ग्राम में जल स्त्रोतों के आसपास साफ-सफाई अभियान भी चलाया गया। सरपंच, ग्रामीणजन, शिक्षक, आंगनवाड़ी कार्यकर्ता एवं समूह की महिलाओं ने मिलकर जल स्त्रोतों के आसपास स्वच्छता बनाए रखने का संदेश दिया।

अभियान के अंतर्गत जनजागरूकता रैली भी निकाली गई, जिसमें स्कूली बच्चों और ग्रामीणों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। रैली के दौरान "शुद्ध जल – स्वस्थ जीवन" जैसे नारों के माध्यम से लोगों को स्वच्छ पेयजल के महत्व के प्रति जागरूक किया गया। कार्यक्रम के दौरान पंचायत को फील्ड टेस्टिंग किट भी प्रदान की गई।इस प्रकार चचानमेटा में आयोजित यह कार्यक्रम न केवल जल गुणवत्ता सुनिश्चित करने की दिशा में महत्वपूर्ण कदम साबित हुआ, बल्कि ग्रामीणों में स्वच्छता और जल संरक्षण के प्रति जागरूकता बढ़ाने में भी प्रभावी रहा।

# सरपंच-सचिव पर काम्प्लेक्स निर्माण में नियमों की अवहेलना



### पद का दुरुपयोग व अवैध रुप से धन वसूली का लगा है आरोप

**वारासिवनी।** जनपद पंचायत वारासिवनी अंतर्गत ग्राम पंचायत डोंगरमाली में नवनिर्मित दुकानों के आवंटन में सरपंच व सचिव द्वारा शासन के नियमों की खुली अवहेलना, पद के दुरुपयोग, अवैध रुप से धन वसूली एवं शासकीय धन के गबन की आशंका को लेकर कलेक्टर बालाघाट को जनसुनवाई में, मुख्य कार्यपालन अधिकारी वारासिवनी एवं एसडीएम वारासिवनी को की गई शिकायत के बाद गठित की गई जॉच टीम ने 30 मार्च को जॉच के लिए आवश्यक दस्तावेजों के साथ डोंगरमाली ग्राम पंचायत भवन में उपस्थित होने का पत्र जारी किया है।

### 10-12 की स्वीकृति, 50 से ऊपर दुकानों का निर्माण

शिकायतकर्ता मनोहर लिल्हारे ने बताया कि ग्राम पंचायत डोंगरमाली के सरपंच मनोज लिल्हारे द्वारा ग्राम में काम्प्लेक्सों का निर्माण किया गया है। इन काम्प्लेक्सों में लगभग 50 से अधिक दुकानें बनाई गई है। इन दुकानों के आवंटन में सरपंच व सचिव द्वारा शासन के नियमों की खुली अवहेलना करने के साथ ही पद का दुरुपयोग करते हुए अवैध रुप से धन की वसूली की गई है। इतना ही नहीं सरपंच व सचिव ने जनपद पंचायत से 10-12 दुकानों के निर्माण की स्वीकृति ली गई है और उसके अतिरिक्त बनाए गए काम्प्लेक्स व दुकानों की अनुमति नहीं ली गई है।

### मनमर्जी से दुकानों का आवंटन,राशि का हिसाब-किताब नहीं

उन्होंने बताया कि जनपद पंचायत से अनुमति लेकर बनाई गए काम्प्लेक्स की दुकानों का आवंटन भी शासन के नियमों के विपरीत किया गया है और उसके अतिरिक्त बिना अनुमति के बनाए गए अन्य काम्प्लेक्सों की दुकानों का आवंटन भी अपनी मनमर्जी से करके नियमो की धज्जियॉ उड़ाई गई है। इतना ही इन अतिरिक्त बनाए गए काम्प्लेक्स की दुकानों के आवंटन से जो राशि मिली है, उसका कोई हिसाब किताब पंचायत के पास नहीं है। इन दुकानों की पूरी राशि सरपंच द्वारा स्वयं ली गई है और उसकी कोई रसीद भी दुकानदारों को नहीं दी गई है।

### चारागाह की शासकीय भूमि पर बिना मद परिवर्तन हो गया निर्माण

उन्होंने बताया कि सरपंच व सचिव द्वारा जिस स्थान पर काम्पलेक्स का निर्माण किया गया है, वह स्थान चारागाह की शासकीय भूमि के रुप में राजस्व विभाग के दस्तावेजों में दर्ज है। इस भूमि पर किसी भी प्रकार का निर्माण कार्य बिना शासन की अनुमति के नहीं किया जा सकता है और चारागाह की शासकी भूमि पर कोई भी निर्माण करने के लिए पहले भूमि का मद परिवर्तन भी करवाना पड़ता है। किंतु सरपंच-सचिव द्वारा ना तो भूमि का मद परिवर्तन करवाया गया है और ना ही किसी भी प्रकार की अनुमति शासन से ली गई है।

### कलेक्टर, सीईओ व एसडीएम को की गई थी शिकायत

उन्होंने बताया कि इस अनियमितता की शिकायत उनके द्वारा कलेक्टर बालाघाट को जनसुनवाई में, फिर मुख्य कार्यपालन अधिकारी जनपद पंचायत वारासिवनी और एसडीएम वारासिवनी को की गई थी। लेकिन अब तक किसी भी प्रकार की जॉच नहीं की गई है। इसके पहले 17 मार्च 26 को जॉच



टीम डोंगरमाली आने वाली थी, लेकिन बाद में सामूहिक विवाह का कार्यक्रम 19 मार्च को होने के कारण जॉच टीम नहीं आई। उसके बाद 28 मार्च 26 को फिर पत्र दिया गया है कि जॉच टीम 30 मार्च 26 को जॉच के लिए ग्राम पंचायत डोंगरमाली में जॉच के लिए आने वाली है। अगर जॉच टीम 30 मार्च को आती है, तो हमारे द्वारा विस्तार से सभी मुद्दों को उनके समक्ष रखा जायेगा और उनसे निष्पक्ष जॉच करने की अपेक्षा की जायेगी। अब देखना यह है कि जनपद पंचायत वारासिवनी से जाने वाली जॉच टीम शिकायतों की जॉच कितनी निष्पक्षता के साथ करती है?

# अधिवक्ता संघ वारासिवनी के चुनाव सम्पन्न

**संदीप अध्यक्ष, वंदना उपाध्यक्ष, अभिजीत सचिव व अनामिका सहसचिव निर्वाचित**



**वारासिवनी।** वारासिवनी अधिवक्ता संघ के दो वर्षीय कार्यकाल 2026-28 के लिए चुनाव सम्पन्न हुए है। जिसमें अध्यक्ष पद पर संदीप नगपुरे, उपाध्यक्ष पद पर वंदना बनोटे, सचिव पर अभिजीत शुक्ला व सहसचिव पद पर अनामिका शुक्ला विजयी हुए है। इस चुनाव प्रक्रिया के समय कार्यकारिणी के 10 सदस्य क्रमशः रितेश शुक्ला, मनोज कुमार दमाहे, मोहेन्द्र नगपुरे, शिशुपाल पारधी, मुकेश पटले, कचरूलाल पंचतिलक, अजय कुमार डहाके, श्रीमती भुवनेश्वरी सोनकुसरे, श्रीमती रीना मरार, कुमारी मनीषा जायसवाल, व कोषाध्यक्ष अधिवक्ता शैलेष पाठक एवं ग्रंथपाल के पद पर अधिवक्ता संदेश इंदुरकर निर्विरोध निर्वाचित हो गए थे। संघ के शेष 4 पदों के लिए 8 प्रत्याशी चुनाव मैदान में थे। जिनमें अध्यक्ष के लिए रमेश ब्रम्हे व संदीप नगपुरे, उपाध्यक्ष के लिए वंदना बनोटे व नागेन्द्र सिंह परिहार, सचिव के अभिजीत शुक्ला व प्रदीप पटले तथा सहसचिव पद के लिए अनामिका शुक्ला व कुलदीप बांगडे मैदान में थे। 25 मार्च को सुबह साढ़े 10 बजे से दोपहर 3 बजे तक अधिवक्ता कक्ष में 202 अधिवक्ता मतदाताओं में से 188 मतदाताओं द्वारा अपने मतदान के अधिकार का उपयोग किया गया। इस चुनाव में विधायक विवेक विक्की पटेल ने भी शामिल होकर अपने मतदान के अधिकार का प्रयोग किया। विदित हो कि विधायक होने के बावजूद श्री पटेल अधिवक्ता संघ वारासिवनी के सदस्य है। मतदान की प्रक्रिया सम्पन्न होने के बाद शाम 4 बजे से मतगणना प्रारंभ हुई थी, जिसमें अध्यक्ष पद के लिए संदीप नगपुरे को 95 व रमेश ब्रम्हे को 91 मत, उपाध्यक्ष पद के लिए वंदना बनोटे को 105 मत व नागेन्द्र सिंह परिहार को 81 मत, सचिव पद के लिए अभिजीत शुक्ला को 100 मत व प्रदीप पटले को 87 मत तथा सहसचिव पद के लिए श्रीमती अनामिका शुक्ला को 159 मत व कुलदीप बांगडे को मात्र 28 मत मिले थे। इस प्रकार अध्यक्ष पद पर संदीप नगपुरे ने 4 मतों से, उपाध्यक्ष पद पर वंदना बनोटे ने 24 मतों से, सचिव पद अभिजीत शुक्ला ने 13 मतों से एवं सहसचिव पद पर श्रीमती अनामिका शुक्ला द्वारा 131 मतों से विजयश्री हासिल की थी।

# केरिनाला (बम्हनी) में जल गंगा संवर्धन के तहत बोरीबंधान का कार्य सम्पन्न



**उकवा।** बम्हनी क्षेत्र के केरिनाला में जल गंगा संवर्धन अभियान के अंतर्गत बोरीबंधान का कार्य सफलतापूर्वक किया गया। इस पहल का मुख्य उद्देश्य वर्षा जल का संरक्षण कर भूजल स्तर को बढ़ाना तथा क्षेत्र में जल संकट को कम करना है।स्थानीय प्रशासन एवं ग्रामीणों के सहयोग से नाले पर रेत एवं मिट्टी से भरी बोरियों की सहायता से अस्थायी बांध तैयार किया गया। इस बोरीबंधान के माध्यम से बहते पानी को रोका गया, जिससे जल का संचयन संभव हो सका और पानी धीरे-धीरे जमीन में समाकर भूजल को पुनर्भरित करेगा।ग्रामीणों ने इस कार्य की सराहना करते हुए बताया कि इससे आसपास के कुओं और हैंडपंपों में जल स्तर बढ़ने की उम्मीद है, साथ ही किसानों को सिंचाई के लिए भी लाभ मिलेगा। यह पहल कम लागत में प्रभावी जल संरक्षण का एक उत्कृष्ट उदाहरण है। वन विभाग द्वारा बताया कि भविष्य में भी ऐसे कार्यों को प्राथमिकता दी जाएगी ताकि क्षेत्र में जल संकट की समस्या का स्थायी समाधान किया जा सके।